उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी.....



www.bpsnews.in

वर्षः 10 || अंकः44 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 24 नवंबर 2025

अंदर के पृष्ठ पर
एस आई आर के विरोध मे भारत रक्षा जन सुरक्षा मंच ने सौंपा ज्ञापन 4
डीएम की वजह से तीन साल की दौड़ का अंत जनता दर्शन में एक घंटे में मिला समाधान 8

## कल सिंध फिर भारत में आ जाए, कोई बड़ी बात नहीं! राजनाथ सिंह के बयान से पाकिस्तान में हलचल



**बीपीएस न्यूज**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान सिंध प्रांत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज भले ही सिंध का इलाका भारत का हिस्सा न हो, लेकिन बॉर्डर बदल सकते हैं और यह क्षेत्र कल फिर से भारत में वापस आ सकता है।उन्होंने कहा कि सिंधी हिंदुओं की पीढ़ी, खासकर लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं ने, सिंध को भारत से अलग होना कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने आडवाणी की किताब का हवाला देते हुए बताया कि हिंदू और यहां तक कि सिंध के कई मुसलमान भी सिंधु नदी को बहुत पवित्र मानते हैं।राजनाथ सिंह ने कहा, आज सिंध की ज़मीन भले ही भारत का हिस्सा न हो, लेकिन जहां तक जमीन की बात है, बॉर्डर बदल सकते हैं। कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए।इससे पहले, 22 सितंबर को मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में, राजनाथ सिंह ने पीओके पर भी विश्वास जताया था।उन्होंने कहा था कि भारत को कोई आक्रामक कदम उठाए बिना ही पीओके वापस मिल जाएगा, क्योंकि पीओके के लोग खुद कब्जा करने वालों से आजादी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पीओके अपने आप हमारा होगा। पीओके में मांगें उठनी शुरू हो गई हैं, आपने नारे सुने होंगे।राजनाथ सिंह का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में भारत ने आतंकवादी ढांचे और पाकिस्तानी सेना के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस दौरान कुछ रक्षा विशेषज्ञों ने सुझाव दिया था कि भारत को पीओके में आगे बढ़कर उस क्षेत्र को सुरक्षित कर लेना चाहिए जो भारत का है।

## जी20 में मोदी ने एआई के गलत इस्तेमाल पर जताई चिंता, निगरानी जरूरी, नहीं तो बन सकता है बड़ा खतरा

**बीपीएस न्यूज**

जोहान्सबर्ग। जोहान्सबर्ग में चल रहे जी20 समिट के तीसरे सेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI पर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल डीपफेक, अपराध और आतंकवाद में हो रहा है, इसे सख्ती से रोकना होगा। उन्होंने दुनिया भर के देशों से अपील की कि AI के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए एक वैश्विक समझौता बनना चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि अगर ऐसा कोई समझौता होता है तो वह तीन बुनियादी सिद्धांतों पर खड़ा होना चाहिए। ये तीन कदम है ृद्ध पर इंसान की निगरानी, शुरू से ही सुरक्षा का ध्यान और पूरी पारदर्शिता। उनका कहना था कि अगर ये चीजें नहीं होंगी तो तकनीक इंसानियत के लिए खतरा



बन जाएगी।

IBSA मीटिंग में दक्षिण सहयोग पर जोर

इससे पहले पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा के साथ (इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका) लीडर्स मीटिंग की। वहां उन्होंने कहा कि भारत इस त्रिकोणीय मंच को और मजबूत करना चाहता है। इसका मकसद है कि दक्षिण के देश मिलकर एक-दूसरे की मदद करें, वैश्विक नियम-कानून में सुधार लाएं और विकासशील देशों की आवाज को बुलंद करें।

शनिवार को समिट के दूसरे सेशन में जब प्राकृतिक आपदाओं की बात हुई तो पीएम मोदी ने कहा कि आजकल ये मुसीबतें पहले से कहीं ज्यादा बार और जोर से आ रही हैं। इस साल भी दुनिया के बड़े हिस्से में लोग इनकी मार झेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी देशों को मिलकर तैयारी करनी होगी और आपदा आने पर फौरन मदद पहुंचानी होगी।बता दें कि भारत ने अपनी त्र20 प्रेसिडेंसी में डिजास्टर रिस्क रिडक्शन वर्किंग ग्रुप बनाया था। उसकी तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रीका को भी शुक्रिया कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता दी।

**क्रिटिकल मिनरल्स को रिसाइकल करने की पहल**

पीएम ने कहा कि साफ-सुथरी ऊर्जा और टिकाऊ विकास के लिए क्रिटिकल मिनरल्स बहुत जरूरी हैं। इसके लिए उन्होंने त्र20 क्रिटिकल मिनरल्स सर्कुलैरिटी इनिशिएटिव की शुरुआत की घोषणा की। इसमें पुरानी चीजों से मिनरल्स निकालना, शहरों में खनन, बैटरी का दोबारा इस्तेमाल, रिसर्च और स्टैंडर्ड तकनीक पर काम होगा।

## फंडिग से नहीं, जन सहयोग से चलता है आरएसएस : योगी

**बीपीएस न्यूज**

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज जिस तरह से पूरी दुनिया लड़खड़ा रही है, वैसे ही महाभारत के दौरान अर्जुन भी लड़खड़ा गए थे और अपने बंधुओं के खिलाफ हथियार उठाने से मना कर दिया था। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें श्रीमद्भागवत गीता के माध्यम से मोह से मुक्त होने का ज्ञान दिया था। जनेश्वर मिश्र पार्क में रविवार को आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव के दौरान मुख्य अतिथि सरसंघचालक ने कहा कि विश्व में शांति की स्थापना गीता की अवधारणा पर ही संभव है।

जीओ गीता परिवार की ओर से आयोजित भव्य समारोह का उद्घाटन सरसंघचालक मोहन भागवत और विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम से समारोह की शुरुआत हुई। दोनों अतिथियों को जीओ गीता परिवार के प्रमुख ज्ञानानंद महाराज ने गीता की प्रति भेंट की। इस दौरान मुख्य मंच से अलग एक अन्य मंच से बटुकों ने गीता के श्लोकों का स्वरबद्ध पाठ किया। सहारनपुर के विद्यालय के दिव्यांग छात्रों ने ब्रेल लिपि के माध्यम से स्वस्तिवाचन कर गीत प्रस्तुत किया तो वहीं भजन गायकों ने जाने क्या जादू



भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में... के माध्यम से श्रोताओं को आनंदित कर दिया।

मोहन भागवत ने कहा कि गीता हमें सिखाती है कि समस्या से भागो मत, बल्कि उसका डटकर सामना करो। उन्होंने कहा कि हमें धर्म की रक्षा के लिए लड़ना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम गीता के ज्ञान को समझें और 700 श्लोकों में से अगर प्रतिदिन हम गीता के दो श्लोक भी रोज पढ़कर उसका मर्म समझने का प्रयास करेंगे तो एक वर्ष के भीतर ही हम आत्मज्ञान प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ जाएंगे। गीता के पथ पर चलकर ही भारत विश्वगुरु बन सकता है। इस दौरान उन्होंने रामायण काल में राजा जनक के एक स्वप्न का जिक्र किया जिसमें वे देखते हैं कि उन्हें उनके ही देश से निकालने का आदेश हो जाता है। इसके माध्यम से बताया कि परिस्थितियों का रोना रोने से कुछ नहीं होगा, वे तो आती-जाती रहती हैं।

मोहन भागवत ने कहा कि हमें खुद से ज्यादा धर्म की चिंता होनी चाहिए। भारत पर अनगिनत आक्रमण और धर्मांतरण के बावजूद हमारा वजूद नहीं मिटा और अब हम राम मंदिर पर ध्वजा फहराने जा रहे हैं।

आचार्य महासभा के समन्वयक स्वामी परमात्मानंद और जगद्गुरु रामानुजाचार्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जगद्गुरु विष्णु स्वामी सतुआ बाबा, महंत धर्मेंद्र दास, राज्य सभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मंत्री संजय निषाद, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राजीव गोयल, हास्य कवि सर्वेश अस्थाना, पूर्व डीआईजी दिनेश चंद्र दुबे, सुधीर हलवासिया, रामलाल, स्वांत रंजन समेत बड़ी संख्या में संघ, भाजपा और जीओ गीता परिवार के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझसे जब कोई पूछता है कि आरएसएस को फंडिंग कहां से होती है तो मैं जवाब देता हूं कि संघ को किसी ओपेक देश या अंतरराष्ट्रीय चर्च से फंडिंग नहीं होती है, बल्कि यह जन सहयोग से चलने वाला संगठन है जो आमजन की सेवा में लगा है। सौ वर्ष के इतिहास में संघ ने कभी दूसरों की तरह सौदेबाजी नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी नहीं कहा कि हमारी उपासना पद्धति श्रेष्ठ है। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रूप से समृद्ध होने के बावजूद हमने अपनी श्रेष्ठता का डंका नहीं पीटा। हमारे सामने जो भी पीड़ित आया, उसकी मदद की, यही सनातन धर्म की विशेषता है। उन्होंने कहा कि अपने धर्म के लिए मरना अच्छा है, लेकिन लालच में धर्मांतरण करना महापाप है। उन्होंने कहा कि युद्ध का क्षेत्र भी हमारे लिए धर्म क्षेत्र है।

सनातन धर्म में हमें सिखाया गया है कि अच्छे कर्म का परिणाम अच्छा और बुरे का बुरा होता है। गीता हमें सिखाती है कि फल की इच्छा के बिना निष्काम कर्म करते रहना चाहिए। हमने विश्व को जीओ और जीने दो के साथ वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा दी।

## नई बाबरी की नींव पर छिड़ी जंगः टीएमसी विधायक का 6 दिसंबर का शिलान्यास कार्यक्रम, बीजेपी ने उठाए सवाल

**बीपीएस न्यूज**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विवादास्पद तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूँ कबीर, जिन्होंने 22 दिसंबर को अल्पसंख्यकों के लिए एक नया संगठन बनाने की धमकी दी है, ने अपनी पार्टी को फिर से हैरान कर दिया है। इस बार उन्होंने 6 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित मूल बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ पर ज़िले में अपनी प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के लिए एक युवा विपक्षी विधायक नौशाद सिद्दीकी को आमंत्रित किया है।

सिद्दीकी 2021 के विधानसभा चुनाव में दक्षिण 24 परगना के भांगड़ से पहली बार इंडियन सेक्युलर फ्रंट के टिकट पर विधायक चुने गए थे। इस संगठन की स्थापना उनके भाई और मुस्लिम धर्मगुरु अब्बास सिद्दीकी ने की थी। वे राज्य में विपक्ष के एकमात्र मुस्लिम विधायक भी हैं। कबीर ने कहा कि 6 दिसंबर को, जैसा कि पहले घोषित किया गया था, मैं बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद का शिलान्यास करूँगा। मैंने सिद्दीकी को इस समारोह में आमंत्रित किया है क्योंकि वे भी धार्मिक हैं। हम इस कार्यक्रम में विधायक के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्मनिष्ठ मुसलमान के रूप में शामिल होंगे।उन्होंने आगे कहा कि चूँकि यह कार्यक्रम बहुत पहले से तय था, इसलिए मेरे लिए कोलकाता में टीएमसी द्वारा आयोजित बाबरी मस्जिद एकजुटता रैली में शामिल होना संभव नहीं है। मैंने पहले ही मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ अपने कार्यक्रम में शामिल होने का वादा किया है। हालाँकि सिद्दीकी ने अभी तक कबीर के निमंत्रण पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन राजनीतिक हलकों में उत्सुकता है कि क्या विधानसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ और विपक्षी विधायकों को एक ही धार्मिक आयोजन में एक मंच पर देखा जाएगा।हालांकि, इसको लेकर सियासी बवाल मच चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कि यह टीएमसी की तुष्टिकरण की राजनीति है। टीएमसी का मतलब अब तुष्टि कारण मुझे चाहिए है... यह विवादास्पद हुमायूं कबीर, जो कहता है कि वह हिंदुओं को काटकर भागीरथ में फेंक देगा, अब एक और विवादास्पद बयान दे रहा है क्योंकि उनका दर्शन है, हिंदुओं को गली दो और वोट बैंक की ताली लो। ये वही लोग हैं जो जय श्री राम, राम मंदिर का विरोध करते हैं, जिन्होंने माँ सीता, माँ दुर्गा, माँ काली का अपमान किया है और कहते हैं कि सनातन को खत्म कर देना चाहिए। ये वही लोग हैं जो वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, चाहे वह वक्फ, सीएए, एसआईआर पर भड़काना हो या इस तरह की चीजें करना हो।कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि अगर मंदिर की आधारशिला रखी जा सकती है।

## शेख हसीना प्रत्यर्पणः बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को भेजा पत्र, गीदड़भभकी देकर बोला- वापस भेजें वरना...

**बीपीएस न्यूज**



ढाका। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने नई दिल्ली को एक आधिकारिक पत्र भेजकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। देश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है।सरकारी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के हवाले से बताया, यह पत्र बीते शुक्रवार को भेजा गया था। गौरतलब है कि आईसीटी ने 17 नवंबर को शेख हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप में मृत्युदंड सुनाया था।मामले में तीसरे आरोपी पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। इस मामले में उन्होंने खुद को सरकारी गवाह बनाने का कोर्ट से अनुरोध किया था। उनकी गवाही पर ही शेख हसीना को मौत की सजा मिली थी।बीते साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन में हसीना की अवामी लीग सरकार गिर गई थी। इन विरोध प्रदर्शनों को जुलाई विद्रोह का नाम दिया गया था। इसके बाद नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला था।अंतरिम सरकार ने पिछले वर्ष दिसंबर में भी हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए एक राजनयिक नोट मौखिक रूप से भेजा था, तब भारत ने केवल इसकी प्राप्ति की बात स्वीकार की थी। वहीं पिछले सप्ताह आईसीटी-बीडी का फैसला आने के बाद विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि भारत ने पूर्व पीएम हसीना के संबंध में बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले पर गौर किया है।

बयान में कहा गया है, एक करीबी पड़ोसी होने के नाते भारत बांग्लादेश के लोगों के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उस देश में शांति, लोकतंत्र, समावेशिता और स्थिरता शामिल है।


## एसआईआर बूथ स्तर के अधिकारियों की मौत पर राहुल ने बीजेपी को घेरा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे कुछ बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की मौत को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला किया। पार्टी ने इसे जानबूझकर दमन और नागरिकों को परेशान करने की साजिश करार दिया। विपक्षी पार्टी ने कहा कि अतिरिक्त दबाव के कारण इन अधिकारियों की मौतों को सामान्य नुकसान मानकर नजरअंदाज किया जा रहा है। पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर देश भर में अफरा-तफरी मचा रखी है- नतीजा? तीन हफ्तों में 16 बीएलओ की जान चली गई। दिल का दौरा, तनाव, आत्महत्या.. एसआईआर कोई सुधार नहीं, थोपा गया जुल्म है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने ऐसी प्रणाली बनाई है, जिसमें नागरिकों को खुद को तलाशने के लिए 22 साल पुरानी मतदाता सूची में हजारों स्कैन पन्ने उलटने पड़े। मकसद साफ है- ही मतदाता थककर हार जाए और वोट चोरी बिना रोक-टोक जारी रहे।

## हाईकमान ही तय करेगा, कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

**बीपीएस न्यूज**

बंगलूरू। कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन की खबर पर देशभर में चर्चा हो रही है। राज्य में मुख्यमंत्री बदलने के सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ कहा कि वह अभी कुछ नहीं कहना चाहते। जो भी फैसला होगा, हाईकमान ही करेगा।रविवार को अपने बंगलूरू आवास के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए खरगे ने कहा,मैंने जो कहना था कह दिया। यहां खड़े रहकर आपका समय भी खराब हो रहा है और मुझे भी अच्छा नहीं लग रहा। जो भी है-हाईकमान करेगा। आपको ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।



उनका यह बयान ऐसे वक्त आया जब एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री सिद्धरमैया उनसे एक घंटे से ज्यादा समय तक मिले थे।20 नवंबर को राज्य सरकार के ढाई साल पूरे होने के साथ ही यह सवाल जोर पकड़ रहा है, क्या कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन होगा? वहीं सीएम सिद्धारमैया कह चुके हैं कि हाईकमान जो भी तय करेगा, वह मानेंगे। वह इस चर्चा को मीडिया की अटकलबाजी भी बताते नजर आए हैं।कई कांग्रेस विधायकों के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थन में दिल्ली जाकर कांग्रेस

अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे से मिलने के बाद राज्य में सियासी तापमान और बढ़ गया। वहीं रविवार को सिद्धारमैया के करीबी मंत्री, एचसी महादेवप्पा और के. वेंकटेश, ने भी खरगे से मुलाकात की। कहने को सब कुछ सामान्य है, पर पार्टी के भीतर दो धाराएं साफ दिखती हैं। सीएम सिद्धारमैया चाहते हैं कि पहले कैबिनेट में फेरबदल हो। वहीं डीके शिवकुमार चाहते हैं कि पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला लिया जाए।

## अपनी बात....

संपादकीय .............



# त्रासदी की जवाबदेही

यह खबर विचलित करने वाली है कि दिल्ली में एक सोलह वर्षीय छात्र और जयपुर में एक नौ साल की छात्रा ने स्कूल की असहज स्थितियों के चलते आत्महत्या कर ली है। निस्संदेह, ये आत्महत्या की घटनाएं एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती हैं। भारत के स्कूल, जिनका उद्देश्य बच्चों का पालन–पोषण और सुरक्षा करना है, तेज़ी से ऐसे स्थानों में बदल रहे हैं जहां क्रूरता, उपेक्षा और अनियंत्रित अधिकार बच्चों के जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां कोई असामान्य बात नहीं हैं; ये एक असफल व्यवस्था के लक्षण हैं। तीसरी भयावह घटना महाराष्ट्र के वसई की है जहां एक तेरह साल की छात्रा को किसी कारणवश स्कूल देर से पहुंचने पर शिक्षक ने अमानवीय सजा दी। छात्रा को स्कूल बैग के साथ सौ उठक–बैठक लगाने को बाध्य किया गया। यह तथ्य नजरअंदाज करते हुए कि वह एनीमिया से पीड़ित है। छात्रा कुछ देर के बाद बेहोश हो गई और कालांतर में उसकी मौत हो गई। निस्संदेह, एक छात्र व एक छात्रा की आत्महत्या और महाराष्ट्र के वसई में छात्रा की उठक–बैठक लगाने से हुई मौत एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती है। स्कूल जिनका उद्देश्य छात्र–छात्राओं को पालन–पोषण और सुरक्षा करना था, वे बच्चों के जीवन पर संकट की वजह बन रहे हैं। वहां शिक्षकों की संवेदनहीनता, उपेक्षा और सख्त व्यवहार कई बच्चों का जीवन बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां असामान्य बात नहीं, ये हमारी शिक्षा व्यवस्था की असफलता की कहानी कहती है। दिल्ली में, मेट्रो स्टेशन से छलांग लगाने वाले किशोर ने अपने शिक्षकों के हाथों अपमान का हृदय विदारक वर्णन करते हुए एक पत्र छोड़ा है। उसके माता–पिता ने छात्र के उत्पीड़न का आरोप शिक्षकों पर लगाया है। उनका आरोप है कि उसे छोटी–छोटी बात पर डांटा गया, निष्कासन की धमकी दी गई और सहपाठियों के सामने मजाक उड़ाया गया।

आत्महत्या करने वाले छात्र के अभिभावकों द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि छात्र ने मन में आने वाले आत्महत्या के विचार से काउंसलर को अवगत कराया था। लेकिन शिक्षकों ने न तो माता–पिता को सूचित किया और न ही उसे इस दिशा में सोचने से रोकने के लिये कोई सलाह दी गई। निश्चित रूप से जब कोई छात्र अपनी किसी गंभीर समस्या का जिक्र करता है तो ऐसे में उदासीनता हिंसा का एक रूप ही कही जाएगी। वहीं दूसरी ओर जयपुर में नौ वर्षीय छात्रा की मौत के मामले में सीबीएसई की जांच में संस्थागत उदासीनता का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि पिछले 18 महीने से छात्रा अन्य छात्राओं द्वारा परेशान की जा रही थी। जिस दिन छात्रा ने आत्महत्या की, उस दिन वह अपनी सहपाठियों द्वारा लिखी गई, अश्लील सामग्री से स्पष्ट रूप से व्यथित होकर 45 मिनट में पांच बार अपनी शिक्षिका के पास शिकायत लेकर गई थी। शिक्षिका ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया और उलटा उसे ही डांटा। निश्चित रूप से शिक्षिका ने छात्रा की देखभाल के अपने कर्तव्य का उल्लंघन किया। कमोबेश वसई की घटना भी शिक्षक की घोर संवेदनहीनता को ही दर्शाती है, जिसने एनीमिया से पीड़ित छात्रा से बैग के साथ सौ उठक–बैठक लगवाई। हालांकि, शिक्षक को गैर–इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन छात्रा का जीवन वापस नहीं लौटाया जा सकता। निश्चित रूप से तीन राज्यों में तीन विद्यार्थियों की मौत हमारी संवेदनहीन व्यवस्था को ही दर्शाती है। दरअसल, आज स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिये कारगर कानून के अलावा भावनात्मक संकट की रिपोर्टिंग अनिवार्य करने की जरूरत है। स्कूलों में प्रशिक्षित परामर्शदाता होने चाहिए। साथ ही किसी बच्चे के भावनात्मक व शारीरिक शोषण रोकने के लिये सख्त दंड की व्यवस्था भी होनी चाहिए। ताकि भविष्य में किसी संभावना का यूं दुखद अंत न हो।

# चुनावी 'पर्यटन' पर लगाम लगाने का समय

पंकज चतुर्वेदी

**कक्षा तीन से कृत्रिम बुद्धिमत्ता की पढ़ाई अनिवार्य बनाना जल्दबाजी ही होगी। यह आयु बच्चों के संज्ञानात्मक, मानसिक और बौद्धिक विकास की है। स्कूलों में बालसुलभ शैक्षणिक परिवेश हो जहां अनुशासन के बीच उनमें सरलता, जिज्ञासा व खिलंदड़पन बना रहे।...**

**कक्षा तीन से कृत्रिम बुद्धिमत्ता की पढ़ाई अनिवार्य बनाना जल्दबाजी ही होगी। यह आयु बच्चों के संज्ञानात्मक, मानसिक और बौद्धिक विकास की है। स्कूलों में बालसुलभ शैक्षणिक परिवेश हो जहां अनुशासन के बीच उनमें सरलता, जिज्ञासा व खिलंदड़पन बना रहे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब यहां आ चुकी है, और ऐसा लगता है कि आपको और मुझे, आज नहीं तो कल, इससे समझौता करना ही पड़ेगा। फिर भी, यह बात मुझे परेशान करती है कि कक्षा तीन (मुश्किल से नौ साल का बच्चा) के छात्रों को भी एआई एक अनिवार्य विषय के रूप में अब सीखना पड़ेगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने फैसला लिया है कि 2026–27 के शैक्षणिक सत्र से कक्षा तीन से आगे के सभी छात्रों के लिए एआई पढ़ाया जाए।**



इस कदम के अर्थ को गहराई से समझने के लिए, या जिसको शिक्षा मंत्रालय 'आधुनिक इतिहास में महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम सुधारों में से एक' ठहरा रहा है, इस पर, जीवन की लय, तकनीक, संस्कृति और शिक्षा शास्त्र से संबंधित दो मुद्दों पर विचार करना ज़रूरी हो जाता है। शुरुआत करते हुए, यह समझना ज़रूरी है कि इस अति–आधुनिक समय में, हम तकनीकी नवाचार के हर नए हिस्से को अंगीकार करने के लिए लगभग मजबूर हैं – और अक्सर, बिना जरा सी भी अस्पष्टता के। हालांकि, यह बाध्यता अक्सर एक प्रकार के प्रलोभन में बदल जाती है। तीन साल के बच्चों को भी स्मार्टफोन से 'खेलते' देखना कोई असामान्य बात नहीं है; और स्क्रीन की इस लत के परिणाम में उसके लिए खुले, विशाल आकाश को निहारना, किसी पेड़ को देखना, किसी पक्षी को उड़ते हुए देखकर रोमांचित होना या किसी फूल और तितली की लयबद्ध अठखेली को महसूस करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। जी हां, तकनीकी उपकरण मानो उनकी आत्मा में घर कर चुके हैं।चूंकि हम जीवन के लगभग हर क्षेत्र में तकनीक की इस घुसपैठ को सामान्य मानने लगे हैं, इसलिए कोई हैरानी नहीं कि सीबीएसई भी यह महसूस करता है कि कक्षा तीन के बच्चों को भी पीछे नहीं रहना चाहिए, और उन्हें एआई के बुनियादी अवयव 'खेल–खेल में/संवादात्मक' तरीकों से सीखने शुरू कर देने चाहिए। फिर, एआई को कौन 'न' कह सकता है, खासकर जब तकनीकी–कॉर्पोरेट वाला कुलीन वर्ग और बाज़ार–संचालित विज्ञापन तंत्र हमें इसकी 'क्रांतिकारी' क्षमता के बारे में लगातार याद दिलाते रहते हैं? और संभवत:, कई महत्वाकांक्षी माता–पिता यह भी सोचते हैं कि इस तेज़ी से बदलती दुनिया में, यदि उनके बच्चे जल्द से जल्द एआई के साथ सहज महसूस नहीं करेंगे, तो वे पिछड़ जाएंगे और डेटा विश्लेषण, रोबोटिक्स एवं डिज़ाइन नवाचार जैसे नए उभरते क्षेत्रों से कदमताल करने में असफल हो जाएंगे! हालांकि, इस तकनीकी आकर्षण के बीच, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा के क्षेत्र में एआई के उपयोग के बारे में ज़रूरी नहीं कि सब कुछ आशाजनक ही हो। प्रमुख आईआईटी और आईआईएम के प्रोफेसरों ने इस प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। हाल ही में, आईआईटी–दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंजन बनर्जी ने अपने छात्रों को याद दिलाया कि 'एआई पर अत्यधिक निर्भरता आलोचनात्मक सोच कौशल जैसे आवश्यक शिक्षण परिणामों में बाधा डाल सकती है'। इसी तरह, आईआईएम में, जैसाकि एक प्रोफेसर ने गहरी पीड़ा के साथ पाया है, कुछ छात्र एआई प्लेटफॉर्म से फील्ड स्टडी तैयार करने का अनुरोध कर रहे हैं।

दरअसल, जब अन्यथा ये प्रतिभाशाली छात्र अपनी आलोचनात्मक/रचनात्मक सोच को त्यागकर एआई–मध्यस्थता वाले असाइनमेंट तैयार करने के लिए प्रलोभित होते हैं, तो वे खुद को उन चीज़ों से वंचित कर लेंगे जो उन्हें मानवीय बनाती हैं- उनकी व्यक्तिपरकता, उनका अभिकरण, उनका अनुभवजन्य ज्ञान, उनकी 'अपूर्णता', उनका कठिन बौद्धिक श्रम, और सबसे बढ़कर, गलतियां करने का उनका अधिकार। इसे स्वीकार करें - एआई को लेकर अत्यधिक महिमामंडन के पीछे एक कठोर तथ्य छिपा है। जैसा कि इस्राइली इतिहासकार युवाल नोआ हरारी हमें आगाह करते हैं, यह ऐसी स्थिति पैदा कर सकता है जिसमें मनुष्य अपने ही आविष्कार पर नियंत्रण खो सकते हैं। क्या यह भयावह नहीं है?

इसके अलावा, बतौर शिक्षक, मैं अक्सर खुद से पूछता हूं - कक्षा तीन के बच्चों को अपने संज्ञानात्मक, मानसिक, सौंदर्यपरक और बौद्धिक विकास के लिए वास्तव में क्या चाहिए? क्या यह एआई है या कुछ और? सबसे पहले, आइए हम यह स्वीकार करें कि स्कूली शिक्षा के मूल अर्थ को बदले बिना, कोई भी तकनीक बच्चों में सक्रिय सीखने की रुचि नहीं जगा सकती। स्कूलों को जेलों जैसा न बनने दें; स्कूलों को हमारे बच्चों को इस तरह 'बांधने' न दें कि वे अपनी सरलता, जिज्ञासा, आश्चर्य और खिलंदड़पन खो दें।बेशक, उन्हें थोड़ा–बहुत बुनियादी गणित सीखना चाहिए। उन्हें पढ़ना, लिखना और अपनी बात कहना सिखाने की जरूरत है। उनके लिए साझेदारी बनाना, दूसरों से जुड़ना और समूह में काम करना सीखना भी उतना ही ज़रूरी है। उन्हें रोज़मर्रा की गतिविधियों के ज़रिये बुनियादी अंकगणित सीखने दें, जिनमें जोड़, घटाव, गुणा, भाग और कुछ तरह का नाप या माप करना शामिल हो।एटलस, ग्लोब और कहानी सुनाने की कला के साथ खेलकर उन्हें बाहर की दुनिया में अपनी रुचि विकसित करने दें।

## आप बिहार के विकास और चारा घोटाले पर उत्तर दीजिए

# व्यंग्य: एंकर, वक्ता और कुकूरभोक्ता

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा

**टीवी चैनलों पर दो लेडीज प्रजाति की टपाका कुकुरभोक्ताओं नें टीवी चैनलों की रौनक़ वापिस ला दी है। जी हाँ जहाँ एक तरफ हम पहले केवल संबित पात्रा और वल्लभ की डिबेट सुनते थे और पेट पकड़ ङ्क पकड़ के हॅसते थे क्यूंकि तब दो वक्ता लड़ते थे फिर दौर आया जालीदार टोपी वर्सेज रामनामी का तब हम सर पकड़ के हॅसते थे, अचानक हवा बदली और मोदी युग आया और टीवी चैनल के एंकर आपस में सर फोड़अव्वल करने लगे और अच्छे प्रवक्ता बेरोजगार होने लगे। अचानक बिहार चुनाव से पहिले नीले ड्रम के बीज से उत्पन्न दो बिहाड़ीन वक्ताओं की एंट्री होइबे कर गया।**

दुनों को चारा पार्टी नें प्रवक्ता की जगह कुकूरभोक्ता बना कर चैनलों की टीआरपी बढ़वाने भेज दिया । अब सुनिए अखबारी डिबेट



जिसका एंकर मै हूँ और वक्ता अपने सुधांशु त्रिवेदी जी बाकि कुकूरभोक्ता के नाम आप समझ जाईयेगा न – त्रिवेदी – बताइये लालूजी ने 1990–2005 तक शासन किया तो उस वक्त जीडीपी क्या थी?

कुकूरभोक्ता ङ्क राजद वालों को जीडीपी से मतलब नहीं है ! समझे पंडत अब इ नहीं चलेगा हम महिला नहीं है हम सुड़सा है, ज्यादा बकैती करोगे तो लील जायेंगे ज हमें तेजू भईया के डीपी से मतलब है।त्रिवेदी – अरे आप दाँत से मत बोलिए , आप यह बताइए ना कि लालूजी ने कितना रोजगार दिया?कुकूरभोक्ता– अब एक पिछड़ी महिला स्टूडियो में बैठने लगी तो पेटवा में दर्द उठने लगा आप लोग के, आयें.. आयेंज अभी बीम जी न रहते तो तुम सब मनुवादी हमको बराबर में ना रखके जमीन पर बइठा देता, समझे

त्रिवेदी– मुद्दों पर बात करिए ना मैडम, लालूजी ने अपने परिवार के अतिरिक्त किसका कल्याण किया ? प्रति व्यक्ति इनकम कितनी बढ़ाई ?कुकूरभोक्ता– तुम मनुवादियों को तो हम छिक्षित होकर मजा चखा दिया नाज बूझे की नहीं ! इस स्टूडियो में बस मनुवादी भरे हैं ! यहाँ पिछड़े को नहीं बोलने दिया जाएगा..हमें पता है, हें–.हेंय

एंकर– अरे मैडम आप कहाँ की बात कर रही हैं, उनके प्रश्न का सीधा उत्तर दीजिए, फैक्ट्स के साथ?

कुकूरभोक्ता– अब एगो मनुवादी सोच वाला एंकर हमकों बताएगा कि एक पिछड़ी महिला को क्या और कैसे बोलना है– वो वाला जमाना गयाज अबकी हिसाब करेंगे मनुवाद खत्म करेंगे ज्.ही ही ही हाहाहा.एंकर – क्या बदतमीजी है ये, आप बिहार के विकास और चारा घोटाले पर उत्तर दीजिये ज आप ऐसे टारगेट नहीं कर सकती हैं किसी कोकुकूरभोक्ता– पहले ठाकुर का कुँआ था.. अब स्टूडियो भी ठाकुर का है, ही हाँहाँ। लेकिन ईयाद रखियेगाज तेजू की सरकार आने पर 786न्न आरक्षण होगा और इन सबपर सिर्फ माय वालों का कब्जा होगा! समझे कि नहीं..नहीं समझे तो समझा दीयन जाएगाज्ही ही हीज्हाहाहा

एंकर ङ्क एक ब्रेक के लिए रुकते हैं और अब आगे बंगाल की खबर । बंगाल में एसआईआर अभियान आग उगल रही है ! घर–घर पहुंचते ही बीएलओ को जो सूचना मिल रहा है, उससे केजरीवाल तक हिल गया है। एक दावे के अनुसार एक ही फोटो से 17–17 वोटर कार्ड, मृत हुई औरतें 2020 से वोट डाल रही , 90 साल की बुढ़िया का फोटो 25 साल के जवान लड़के ने लगा रखा था ! चुनाव आयोग द्वारा इस्तेमाल किए गए फेशियल रिकग्निशन ने तो कमाल कर दिया, एक ही क्लिक में सैकड़ों डुप्लीकेट पकड़ लिए जा रहे हैं । यानि एक ही फोटो में अलग अलग नाम और अलग–अलग जगहों पर वोटिंग हुआ करती थी ! बॉर्डर पर तो अलग ही हंगामा है। हकीमपुर–तारली पर रात–रात भर लाइन लगी है, बैग कंधे पर, बच्चे गोद में, सैकड़ों बांग्लादेशी रोते–गाते वापस जा रहे हैं। जो गुप्त रास्ते से बार्डर पार कर ले रहे हैं उनकी छोड़िए। बॉर्डर वालों ने भी 18 नवंबर को 500 लोगों को ऑन रिकॉर्ड पकड़ा है,जो कल तक कोलकाता में रिक्शा चला रहे थे, आज कह रहे हैं दादा बस, अबकी तो घर ही ठीक है। विशेष पूनरीक्षण रिपोर्ट सिर्फ फर्जी लिस्ट ही साफ नहीं कर रहा, बंगाल के 50 साल के वोटबैंक की गंदगी को भी साफ कर रहा और उधर भोट चोरी ङ्क भोट चोरी कहने वाले परेशान है कि ना ऐसा कुछ कहा होता ना भाजपा को ए आइडिया आया होता ना फर्जी भोट कटता।





## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502,

bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओ, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com


## मासिक बैठके, सीखने और आगे बढ़ने का एक सार्थक अवसर: खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला

**पंकज सीबी मिश्रा / जौनपुर**

करंजाकला। जनपद जौनपुर के करंजाकला स्थित कम्पोजिट विद्यालय हकारीपुर में मासिक शिक्षक संकुल बैठक आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी करंजाकला, श्रवण कुमार रहें। बैठक की अध्यक्षता न्याय पंचायत कलीचाबाद की वरिष्ठतम शिक्षिका सविता सिंह ने किया । कार्यक्रम का प्रारंभ मासिक बैठक की आयोजिका शिक्षक संकुल निशा मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत, अभिनंदन पुष्प गुच्छ एवम मोमेंटम द्वारा की। इसी क्रम में शिक्षक मो0 इमरान अली ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सविता सिंह को प्राथमिक महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष अर्चना सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका साधना श्रीवास्तव नें माल्यर्पण एवं मोमेंटम देकर किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से सीखने ,साझा करने एवम आगे बढ़ने का एक सार्थक अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि ने शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि आप शिक्षक अभिभावकों के साथ संवाद अवश्य करे। बैठक में निपुण विद्यालय, प्रेरणा ऐप आदि विषयों पर शिक्षक संकुल द्वारा विचार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सविता सिंह ने कहा कि छात्रों की उपस्थिति, शैक्षिक वातावरण एवम पर्यावरण अनुकूलता के विषय मे शिक्षक छात्रो को अवगत कराते रहे।



बैठक में एआरपी नीलेश उपाध्याय, साहबलाल यादव, सौरभ, शिवचंद, विजय प्रताप, अर्चना सिंह, शाद, सत्यप्रकाश, आनंद कुमार, राजेश यादव, भावना, रागिनी, नीलम, रीना, स्मिता, जूही, विद्या आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन मो0 इमरान द्वारा किया गया।

# पुलिस ने चेकिंग अभियान में अपराधी को मय असलहा के साथ दबोचा



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमश्नरेट कानपुर नगर के अपराध एंव अपराधियों के विरूध चलाए

जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज महोदय के निर्देशन पर व प्रभारी निरीक्षक महोदय अनवरगंज की अगुवाई मेंथाना अनवरगंज की पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज दनांक 19/11/2025 को

डिप्टी पड़ाव चौराहा के पास चेकिंग केदौरान मुखबिर की सचूना पर समय करीब 10.35 बजे एक नफर अभियुक्त

मेराज पुत्र मो0 हामिद उम्र् लगभग 39 वर्ष 011/97ग्वालटोली मकबरा थाना ग्वालटोली कानपुर नगर का हाल पता ब्लाक नं0 39 मैकरावटगंज

कालोनी थाना कर्नलगंज कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा315 बोर व एक अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा व 2 अदद टाइटन घडी एक लोहे का पंच तथा एक अदद मोबाइल पी पैड सैमसंग बरामद किया गया। जिसके सम्बंध में थाना अनवरगंज पर मु0अ0सं0 97/2025 धारा 3/25आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्ततु किया जा रहा है।पुलिस द्वारा किये गए कार्य की आम जनता ने खूब ,सराहना की।

## पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़े 13 जुआरी



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नरवल थाना क्षेत्र के पाली इलाके में मंगलवार देर रात पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर

13 जुआरियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 2.30 लाख नकद, 10 मोबाइल और कार बरामद हुई।नरवल इंस्पेक्टर अखिलेश पाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में बड़ी पाली निवासी जगरूप, खाड़ेपुर के आनंद सिंह, बर्रा विश्वबैंक के ललित त्रिवेदी, महाराजपुर के सराय गांव के अफसार, पाली के बच्चा सिंह, चकेरी के गोविंद वर्मा, तुसौरा गांव का पप्पू सिंह उर्फ तेज सिंह, बर्रा का अभिनव, पूरनपुर के राजेश सिंह,

बारादरी के लाल सिंह, सनिगवां के सोनू राजपूत, योगेंद्र विहार के अनिल वर्मा और गुजैनी के छोटू शुक्ला शामिल हैं।



## पनकी पॉवर हाउस के एक्सईएन लापता, गंगा पुल पर मिली कार, जांच में जुटी पुलिस

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पनकी पॉवर हाउस के एक्सईएन के लापता होने का मामला सामने आया है। उनकी कार गंगा पुल पर मिली है। मोबाइल भी कार के अंदर मिला। जाजमऊ और पनकी पुलिस जांच में जुटी है।

पनकी पॉवर हाउस के एक्सईएन अतुल कुमार राय संदिग्ध हालात में लापता हो गए। उनकी कार बुधवार की शाम चार बजे जाजमऊ गंगापुल पर मिली। वह मंगलवार की रात करीब 10 बजे कार्यालय जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कार के चारों इंडीकेटर जल रहे थे और उनका मोबाइल भी कार के अंदर मिला। पनकी पुलिस ने एक्सईएन की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जाजमऊ पुलिस से सहयोग लिया जा रहा है। उनके घर से लेकर जाजमऊ क्षेत्र तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

मूलरूप से बलिया के निवासी अतुल कुमार राय पनकी पॉवर हाउस के स्टोर डिविजन के इंचार्ज हैं। वह मंगलवार की रात नाइट ड्यूटी बताकर निकले। उनकी आई टेन कार बुधवार की शाम चार बजे जाजमऊ गंगा पुल पर खड़ी मिली। इसकी वजह से पुल पर जाम लग रहा था। जाजमऊ पुलिस कार थाने ले गई। रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर कार मालिक के रूप में अतुल कुमार राय का नाम पता चला। पुलिस ने पनकी पॉवर हाउस प्रबंधन को सूचना दी। प्रबंधन ने घर से जानकारी जुटाई तो उनके गायब होने का पता चला।

पनकी इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि उनके पिता अवधेश कुमार राय की ओर से बुधवार की शाम सात बजे गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। एक्सईएन के साथ उनके माता–पिता रहते हैं जबकि पत्नी दूसरी जगह रह रही हैं। उनका कॉल डेटा रिकार्ड निकलवाया जा रहा है। पनकी से जाजमऊ क्षेत्र तक सीसीटीवी कैमरे दिखवाए जा रहे हैं।

अधिकारियों की नहीं लगती नाइट ड्यूटी

पनकी पावर हाउस के एक अधिकारी का कहना है कि एक्सईएन और उससे ऊपर के अधिकारियों की समान्यता नाइट ड्यूटी नहीं लगती है। किसी विशेष वजह से उनको बुलाया जाता है। ऐसे में अतुल कुमार राय घरवालों से ऐसा बोलकर क्यों निकले इसकी जांच कराई जा रही है।

# पोस्ट ऑफिस के बाहर न्यूक्लियर बम रखा है..., संदिग्ध बॉक्स मिलने से मचा हड़कंप, एक युवक हिरासत में

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मैं एक डॉक्टर हूं... पोस्ट ऑफिस के बाहर न्यूक्लियर बम रखा हुआ है। इसे डिफ्यूज कर दिया है। आपको सारे सबूत मिल जाएंगे। मेरा पता हरबंशमोहाल और मोबाइल नंबर लिखा हुआ है।

बुधवार की शाम करीब छह बजे इसी तरह का लिखा पत्र और एक संदिग्ध बॉक्स मिलने पर सनसनी फैल गई। सेना, पुलिस, एलआईयू, खुफिया, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड ने जांच की। बॉक्स में सिलिकॉन व कार्बन पेपर, मोबाइल पॉवर बैंक मिला।

पत्र लिखने वाले युवक ऋषभ कुमार जायसवाल को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में उसकी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं मिली।

एसीपी कैंट आकांक्षा पांडेय ने बताया कि बुधवार शाम छह बजे कैंट क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस के बाहर एक संदिग्ध बॉक्स दिखाई दिया। उसके ऊपर चेतावनी संदेश लिखा हुआ





था। पोस्ट ऑफिस के आसपास के क्षेत्र को सील कर दिया गया। वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। एहतियातन लोगों को दूर रहने के निर्देश दिए गए।

बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर बॉक्स की जांच कराई। यह बॉक्स एक इलेक्ट्रिक टोस्ट मेकर का था जबकि अंदर कार्बन पेपर, सिलिकॉन पेपर और पावर बैंक मिला। बॉक्स के ऊपर सेना के अधिकारियों और डॉक्टरों के नाम पर आठ नवंबर की तारीख का पत्र मिला।

पत्र में ऋषभ कुमार जायसवाल निवासी हरबंशमोहाल लिखा था। उसमें मोबाइल नंबर और रोल नंबर भी दिया गया। पुलिस ने पते और रोल नंबर के आधार पर ऋषभ को हिरासत में ले लिया।

एसीपी कैंट के मुताबिक युवक कुछ दिन पहले ही अस्पताल से आया है। उसके परिजनों ने मानसिक रूप से बीमार होने के दस्तावेज दिए हैं। युवक से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस युवक की हैंड राइटिंग की जांच में जुट गई है। उनको यह भी शक हो रहा है कि कहीं यह शरारत किसी और ने तो नहीं की है। खुद बचने के लिए ऋषभ का नाम लिख दिया।

## बाइक और साइकिल की भिड़ंत में दो की मौत, दो की हालत गंभीर

कानपुर। रसूलाबाद थाना क्षेत्र की माल का पुरवा बंबी के पास बुधवार शाम को साइकिल व बाइक की भिडंत हो गई। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन से कुचल जाने पर साइकिल सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने शेष तीनों घायलों को रसूलाबाद सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार चौबेपुर में लड़की देखने के बाद घर लौट रहे थे।कन्नौज के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सपाह निवासी सुशील (18) पुत्र ब्रजराज, अपने बड़े भाई विश्व प्रताप (22), मौसी फूलन देवी (45) बुधवार शाम को बाइक से चौबेपुर से घर लौट रहे थे। शाम 6-30 बजे के करीब माल का पुरवा के पास पहुंचने पर उनकी बाइक सामने से आ रहे साइकिल सवार माल का पुर्वा निवासी राम नारायण (64) से टकरा गई। इससे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जिम ट्रेनर विमल की जमानत अर्जी खारिज, डीएम आवास के ऑफीसर्स क्लब से बरामद हुआ था कंकाल



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पिछले साल अक्तूबर में डीएम आवास से सटे ऑफीसर्स क्लब परिसर से हड्डियां बरामद होने के बाद एकता हत्याकांड का खुलासा हुआ। एकता के जिम ट्रेनर विमल सोनी को पुलिस ने हत्या के आरोप में जेल भेजा। जेल में बंद विमल की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी लेकिन पर्याप्त आधार न पाते हुए अपर जिला जज सप्तम आजाद सिंह ने अर्जी खारिज कर दी।

सिविल लाइंस निवासी राहुल गुप्ता ने 24 जून 2024 को पत्नी एकता के अपहरण की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। एकता के जिम ट्रेनर विमल सोनी पर नशीला पदार्थ खिलाकर अपहरण का आरोप लगाया गया था। लगभग चार माह बाद पुलिस ने विमल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर एकता का कंकाल बरामद किया था। मुकदमे में 8 मई 2025 को आरोप भी तय किए जा चुके हैं। तीन गवाहों की गवाही भी हो चुकी है।

## कौन लुटेरी दुल्हन दहेज में कार देती है?, दिव्यांशी ने दरोगा पर उठाए सवाल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। लुटेरी दुल्हन प्रकरण में नया मोड़ तब आया, जब आरोपी दिव्यांशी चौधरी ने खुद को पीड़ित बताते हुए दरोगा पति आदित्य पर 14.50 लाख रुपये ऐंठने और लुटेरा दूल्हा होने का आरोप लगाया।

कानपुर के लुटेरी दुल्हन प्रकरण में नया मोड़ तब आया, जब आरोपी बनाई गई दिव्यांशी चौधरी ने खुद सामने आकर कहा कि वह लुटेरी दुल्हन नहीं, बल्कि उसका पति ही लुटेरा दूल्हा है। दिव्यांशी ने सवाल उठाया–कौन–सी लुटेरी दुल्हन दहेज में स्कॉर्पियो कार देती है?दिव्यांशी ने आरोप लगाया कि उसके पति, ग्वालटोली थाने में तैनात दरोगा आदित्य लोचव ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 14.50 लाख रुपये ऐंठे और उसके पैसों से अपना घर भी बनवाया। उसने पुलिस अधिकारियो



को 17 सवालों की सूची सौंपकर एसआईटी से जांच कराने की मांग की है।

दिव्यांशी का दावा है कि आदित्य के खातों में दो करोड़ से ज्यादा के संदिग्ध लेनदेन हुए, जिन पर सवाल करने पर वह टालमटोल करता रहा। उधर, कथित गैंग का हिस्सा बताकर दिव्यांशी पर बीएनएस की 12 धाराएं लगाई गई थीं, लेकिन अदालत में पुलिस अपने दावों का समर्थन करने के लिए कोई ठोस डिजिटल या दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं कर पाई।

सच सामने आएगा, बस निष्पक्ष एसआईटी जांच जरूरीबचाव पक्ष ने भी यही मुद्दा उठाया कि पुलिस अनुमान के आधार पर गिरफ्तारी और रिमांड मांग रही है। गिरफ्तारी के महज 24 घंटे के भीतर एसीजेएम कोर्ट ने पुलिस की आठ दिन की रिमांड अर्जी खारिज करते हुए दिव्यांशी को व्यक्तिगत बंधपत्र पर रिहा कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि बिना ठोस सामग्री के रिमांड नहीं दी जा सकती। दिव्यांशी का कहना है कि सच सामने आएगा, बस निष्पक्ष एसआईटी जांच जरूरी है।

## हाईवे में खड़े खराब ट्राला में पीछे से घुसा पिकअप, चालक घायल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र में पुरवामीर छिवली नदी के पास मंगलवार देर रात हाईवे पर खड़े खराब ट्राला में पीछे से पिकअप घुस गया। हादसे में चालक घायल हो गया। मूलरूप से पूर्वा खेड़ा खजुहा निवासी विकास पिकअप चालक है। विकास ने बताया कि वह रोजाना की तरह चौडगरा स्थित फैक्टरी से ब्रेड लादकर इटावा गया था।



लौटते समय खराब ट्राला खड़ा नजर न आने से हादसा हो गया। जोरदार भिड़ंत के कारण गाड़ी का बोनट ट्राला में फंस गया। लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राला कई घंटे से नेशनल हाईवे पर खड़ा था। ट्राला चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों ने बताया कि खराब होने के कारण खड़ा कर दिया था। अंदेशा था कि हादसा हो सकता है। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे वाले दोनों वाहनों को क्रेन से हटवाकर रास्ता साफ करा दिया गया है।

## ससुराल में ऑटो चालक का फंदे पर लटका मिला शव

» बीपीएस न्यूज

तिर्वा (कन्नौज)। ससुराल में बुधवार को ऑटो चालक का शव फंदे पर लटका मिला। कमरा अंदर से बंद था। पांच घंटे के बाद चालक के पिता पहुंचे, जिसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर शव का फंदे से उतारा गया। परिजन घटना का कारण नहीं बता सके। ग्राम देवपुरवा निवासी प्रियांशी की दो साल औरैया जिले के अयाना थाना क्षेत्र के सेहुली गांव निवासी दीपक (30) से शादी हुई थी। दीपक ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। एक सप्ताह पहले दीपक पत्नी प्रियांशी और दो माह की बच्ची के साथ ऑटो से देवपुरवा ससुराल आया था। इस दौरान दीपक के ऑटो का पुलिस ने चालान कर सीज कर दिया था। ऑटो देर से छूटने के कारण दीपक ससुराल में ही रहने लगा। सुबह 11 बजे दीपक ने पत्नी को घर लौटने के लिए कहा। इसी बीच प्रियांशी की बहन बीए की परीक्षा देने के लिए तिर्वा चली गई। घर में केवल दंपती और बच्ची ही मौजूद थे। दोपहर दो बजे प्रियांशी बेटी को नहलाने लगी और दीपक ने आराम करने की बात कहकर कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया।

# ठंड से बचने की कोशिश बनी जानलेवा, बंद कमरे में चार युवकों ने गंवाई जान, पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पनकी इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र में कमरे में अलाव जलाकर सो रहे चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है।

कानपुर के पनकी में इंडस्ट्रियल एरिया में निर्माणाधीन आयल सीड्स कंपनी के बॉयलर टेस्टिंग के लिए लाए कोयले को तसले में जलाकर चार मजदूर सो गए। सुबह कमरे में उनके शव पड़े मिले। कोयला केमिकल युक्त होने की आशंका जताई जा रही है। गार्ड की सूचना पर एक मृतक का भाई पहुंचा और गेट तोड़कर अंदर देखा, तो हड़कप मच गया। मौत घुटने का कारण दम घुटना ही बताया जा रहा है। युवक ने फैक्टरी मालिक और पुलिस को सूचना दी। युवक वेल्डिंग का काम कर रहे थे। पुलिस कमिश्नर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसीएम सात ने भी आसपास लोगों से पूछताछ की। गोविंदनगर निवासी वरुण कटारिया की पनकी के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आयल सीड्स कंपनी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसे बनाने का काम इंदौर की कंपनी आदित्य इंटरप्राइजेज को सौंपा गया है।

**टेस्टिंग के लिए आया था कोयला**

कंपनी के ज्यादातर लेबर बलिया के रहने वाले हैं। गुरुवार सुबह कमरे में चार मजदूरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके पास में ही तसले में कोयले की आग जलती हुई मिली। आशंका है कि धुएं की वजह से ऑक्सीजन की मात्रा कम हो गई, जिससे दम घुटने से चारों की मौत हो गई। ये कोयला फैक्टरी के बॉयलर टेस्टिंग के लिए आया है। घटना की जानकारी सुबह सात बजे हुई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गार्ड अजय ने सुबह दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई रिस्पॉस नहीं मिला। तब गार्ड ने काम




करवा रहे इंचार्ज अरुण को फोन किया। उसका भाई भी यहां काम कर रहा था। उसने आकर आवाज दी और दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई नहीं बोला। तब सभी दरवाजा तोड़ दिया। अंदर मृत अवस्था में देख हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम भेजा। फेब्रिकेटर का काम करते थे सभी

मृतकों की पहचान देवरिया जिले के तरकुलवा के तौकलपुर निवासी अमित वर्मा (32), राहुल सिंह (23), संजू सिंह (22), दाऊद अंसारी (28) के रूप में हुई है। इसमें मृतक अमित के भाई अरुण फैक्टरी से करीब पांच सौ मीटर दूर किराए पर कमरा लेकर रहता था। वहीं, गांव का ही रहने वाला नागेंद्र अपने एक अन्य साथी के साथ घटना स्थल के बगल में स्थित रुम में रहता है। ये सभी फेब्रिकेटर का काम करते थे। एडीसीपी पश्चिम कपिल देव सिंह ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है।

# आईआईटी कानपुर तक पहुंचीं जांच एजेंसियां, कश्मीर का पीएचडी छात्र हुआ लापता

» बीपीएस न्यूज




कानपुर । छात्र ने 2019 में संस्थान में दाखिला लिया था और पीएचडी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक उसके इस तरह से लापता होने की वजह से जांच एजेंसियों की निगाह में चढ़ गया है। डॉ. शाहीन और डॉ. परवेज अंसारी के कनेक्शन की तलाश कर रही जांच एजेंसियों की नजर में आईआईटी कानपुर का एक शोधार्थी आ गया है। यह कश्मीरी मूल का है और पिछले 15 दिनों से संदिग्ध हालात में लापता है। संस्थान के अधिकारियों ने उसकी जानकारी से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को जांच एजेंसियों और खुफिया की टीम ने आईआईटी पहुंचकर जांच की है। शासन के निर्देश पर शैक्षणिक संस्थानों में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्रों का सत्यापन किया गया। इसकी चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। एक निजी संस्थान और आईआईटी कानपुर का छात्र लापता है। निजी संस्थान का छात्र अधिकारियों को बताकर छुट्टी पर घर गया है, जबकि आईआईटी के अधिकारियों को उसका पता नहीं। छात्र ने 2019 में संस्थान में दाखिला लिया था और पीएचडी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक उसके इस तरह से लापता होने की वजह से जांच एजेंसियों की निगाह में चढ़ गया है। डॉ. शाहीन के साथ अब तक पढ़े लिखे लोगों के जुड़े होने से शक की सुई उस पर भी घूम रही है। पुलिस के साथ जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने संस्थान प्रशासन से शोधार्थी की डिटेल जुटाई है। आईआईटी कैंपस में जांच एजेंसी के पहुंचने से दिन भर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। एजेंसी के अधिकारियों ने शोधार्थी के प्रोफेसर से भी इनपुट लिए हैं। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि छात्र की जानकारी जुटाई जा रही है। वह अभी बाहर है।

# एस आई आर के विरोध मे भारत रक्षा जन सुरक्षा मंच ने सौंपा ज्ञापन

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। एस आई आर के विरोध मे भारत रक्षा जन सुरक्षा मंच ने ज्ञापन सौंपा। केन्द्रीय चुनाव आयोग (भारत) द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्द्ब.ऋ) 12 राज्यों में कराया जा रहा है। पुनरीक्षण प्रक्रिया में सारी जिम्मेदारी स्वंय मतदाता की तय की गयी है कि वह 2003 की मतदाता सूची का स्वंय अवलोकन इण्टरनेट पर जाकर करें और अपना नाम, विधान सभा, भाग संख्या, क्रम संख्या तथा इपिक नम्बर भी खोजें।विशेष उल्लेखनीय है कि भारत की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, यह गरीब आबादी कम्प्यूटर और लैपटॉप जैसी डिवाइस से लैस नहीं है, साथ ही ग्रामीण भारत का हर नागरिक साक्षर भी नहीं है, ऐसी स्थिति में नागरिक अपना मतदान कुशलता से प्रस्तुत नहीं कर सकता है। अतएव वह अपना मतदाता अधिकार खो देगा, विशेषकर दलित/आदिवासी आबादी ? 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर के मध्य चलने वाले इस पुनरीक्षण अभियान में एक सरकारी कर्मचारी / शिक्षक जिसे बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया गया, उससे एक माह में देश की ग्रामीण, दलित, आदिवासी तथा निर्धन जनता का मतदाता दावा प्रस्तुत करवाना एक असम्भव तथा श्रमपूर्ण कार्य है।बिहार में स्द्ब.ऋ किया गया लेकिन निरर्थक रहा, क्योंकि लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गय, वे बिहार विधान सभा चुनाव में मतदान केन्द्रों पर आये परन्तु मतदाता सूची में नाम न होने के कारण वापस चले गये, जबकि स्द्ब.ऋ की प्रक्रिया में उन्होने अपना आवेदन प्रस्तुत किया था, यह सभी मतदाता वैधानिक थे।आदरणीय जब स्द्ब.ऋ प्रक्रिया का परिणाम संविधान के अनुकूल नहीं है, क्योंकि संविधान प्रत्येक नागरिक को मताधिकार प्रदान करता है तब ऐसी प्रक्रिया का औचित्य क्या है ।ज्ञापन के दौरान एडवोकेट नरेंद्र यादव नवीन गौतम वैभव चौधरी जगजीवन राम जगजीवन राम इंद्रनाथ राजेश गौतम भुवनेश्वर भूषण दो महादेव आदि लोग रहे।

# अपहरण व हत्या में युवक को आजीवन कारावास

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। डेरापुर के रैगवां में करीब 22 साल पहले युवक की अपहरण कर हत्या के मामले की सुनवाई एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलाल व साक्ष्यों के आधार पर एक दोषी ठहराते हुए

आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अर्थदंड लगाया है।

डेरापुर थाना क्षेत्र के रैंगवा निवासी राजेश उर्फ पप्पू 16 मई 2003 की शाम पांच बजे से लापता हो गए थे। उनका शव दो दिन बाद पुलिस ने बरामद किया था। मामले में भाई अरविंद की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण, हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जांच करते हुए डेरापुर थाना क्षेत्र के निम्दापुर निवासी महेंद्र कटियार व सट्टी थाना क्षेत्र के ढिकची निवासी रमेश के खिलाफ 30 जून 2006 को आरोप पत्र दाखिल किए थे। पुलिस के इस कार्रवाई को लेकर दोनों आरोपी हाईकोर्ट से स्थगनादेश ले आए।

हाईकोर्ट का स्थगनादेश खत्म होने के बाद एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट-प्रथम में सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के दौरान 30 नवंबर 2021 को आरोपित रमेश की मृत्यु होने के कारण उनकी पत्रावली अलग कर महेंद्र कटियार के खिलाफ सुनवाई चलती रही।

अदालत ने 10 अक्तूबर को अपहरण व हत्या की साजिश में महेंद्र को दोषी करार दिया था।

इसके बाद से दोषी महेंद्र फरार चल रहा था। 18 नवंबर को महेंद्र ने अदालत में आत्मसमर्पण किया था। इसके बाद सजा के बिंदु पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने दोषी महेंद्र को हत्या-अपहरण व हत्या के प्रयास की साजिश में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में 47 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

# सोते रहे परिजन, घर से नकदी व जेवर ले गए चोर

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में मंगलवार रात को चोर पीछे से एक घर में दाखिल हो गए। चोर कमरे में रखी अलमारी से नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। सुबह तीन बजे के करीब जागे परिजन को घर का मेन गेट अंदर से बंद मिला। पुलिस ने छानबीन की है। पहाड़पुर निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि सोमवार रात को वह शाहबाजपुर नहर स्थित दुकान पर सो रहे थे। मंगलवार सुबह 3ः10 बजे के करीब बेटी तनु



ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी दी। जब वह घर पहुंचे तो बेटी ने बताया कि वह भाई विकास, दादी राजरानी व मां के साथ घर के बाहर टिनशेड में सो रही थीं।देर रात को पिछले हिस्से से घर में घुसे चोर कमरे के अंदर अलमारी व बक्से में रखी 3.5 लाख रुपये की नकदी, मां, दादी व उसके जेवर चोरी कर ले गए। सुबह तीन बजे जब वह कैंटीन के लिए दाल पीसने के लिए जगी तो घर का मेन गेट अंदर से बंद था।


शक होने पर उसने भाई विकास को जगाया और दीवार के रास्ते से अंदर घुसकर दरवाजा खोला। इसके बाद परिजन ने कमरे में जाकर देखा तो नकदी व जेवर गायब थे। थानाध्यक्ष सतीश सिंह ने बताया कि सूचना पर घटना स्थल पर छानबीन कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सीएचसी कल्याणपुर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया आकस्मिक निरीक्षण

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरिदत्त नेमी द्वारा रात्रि 09ः30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कल्याणपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आकस्मिक चिकित्साधिकारी, फार्मेसिस्ट सहित अन्य आवश्यक स्टाफ उपस्थित पाया गया।

निरीक्षण में डॉ0 सचिन सिंह (आकस्मिक चिकित्साधिकारी) एवं राहुल शुक्ला (फार्मेसिस्ट) अपनी इमरजेंसी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। इस अवसर पर क्षेत्रीय अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0के0 गुप्ता



एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राजेश सिंह भी मौके पर उपस्थित रहे। डिलीवरी वार्ड में कुल 08 सीजेरियन एवं 04 सामान्य प्रसव के मरीज भर्ती पाए गए।रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सतर्क एवं दायित्वपूर्ण ढंग से ड्यूटी निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। आई0पी0डी0 में भर्ती मरीजों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए।चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर को निर्देशित किया जाता है कि रोस्टर के अनुसार दिवस एवं रात्रि कालीन ड्यूटी में चिकित्सकों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति हर स्थिति में सुनिश्चित कराएं। चिकित्सालय परिसर में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें तथा परिसर का नियमित निरीक्षण कर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।

# डिप्रेशन से पीड़ित युवती ने फंदा लगाकर दी जान, पिता बोला- कई बार रिश्ता टूटने से भी तनाव में थी बेटी

कानपुर/। कानपुर के रावतपुर में बार-बार शादी टूटने और डिप्रेशन की बीमारी से पीड़ित युवती ने चादर के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो शव फंदे से लटकता पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। मसवानपुर के सराय निवासी अरविंद मौर्या कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त हैं।

परिवार में पत्नी भानुमति, तीन बच्चों में बेटा विनय व दो बेटियां है। पिता ने बताया कि 33 वर्षीय बेटी दिव्या शुक्रवार दोपहर दूसरे खंड बने पर कमरे में थी। इसी बीच उसने पंखे के कुंडे में चादर बांधकर फांसी लगा ली। कई घंटे जब वह नीचे नहीं आई तो उसकी मां बुलाने गई। कमरे में दाखिल होते ती बेटी का शव फंदे से लटका देखकर चीख पड़ी। आवाज सुरकर परिजन पहुंचे और पुलिस को खबर दी। उन्होंने बताया कि बेटी के लिए कई साल से रिश्ता देख रहे थे, लेकिन किसी न किसी कारण से बात नहीं बन पा रही थी। कई जगह से रिश्ता टूट भी गया था। वहीं बेटी डिप्रेशन की बीमारी से भी पीड़ित थी। उसकी समस्या भी बढ़ती जा रही थी।

# घर के पीछे की दीवार से की सेंधमारी, चोरों ने पार किए नगदी और गहने, जांच में जुटी पुलिस



» बीपीएस न्यूज

कानपुर ।महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथी गांव में चोरों ने रात में घर की दीवार में सेंधमारी कर डेढ़ लाख रुपये के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथी गांव में एक घर में खेतों के रास्ते से दीवार में सेंधमारी करते हुए चोरों ने लाखों के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए है। हाथीगांव की निवासी माया पत्नी सूरज ने बताया कि रात्रि करीब एक से दो बजे के बीच घर के पीछे की दीवार काट कर चोरी की गई है। दीवार काटने के बाद कमरे में रखे दो बक्सों के ताले तोड़कर बीस हजार की नगदी सहित करीब डेढ़ लाख की चोरी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# अंग्रेज चले गए पर ब्रिटिश कोड की सेंट्रल पर आज भी हुकूमत, तकनीकी जटिलताओं के चलते बच रहा है रेलवे

» बीपीएस न्यूज

कानपुर । सेंट्रल स्टेशन का कोड आज भी ब्रिटिश काल का ष्टहक्क (कॉनपोर नॉर्थ बैरक) बना हुआ है। इसका कारण रेलवे विशेषज्ञ कोड बदलने की व्यापक तकनीकी जटिलताओं को बताते हैं, जिससे लाखों रिकॉर्ड में बदलाव करना पड़ेगा।

आजादी के 78 वर्षों में सरकारें बदलीं, निजाम बदले, कई रेलवे स्टेशनों के नाम भी बदले गए, लेकिन कानपुर सेंट्रल स्टेशन (सीएनबी) ब्रिटिश हुकूमत के कोड से आज तक आजाद नहीं हो सका। इसे आज भी रेलवे की तकनीकी भाषा में अंग्रेजी शासन काल में मिले सीएनबी यानि कॉनपोर (ष्ठ2द्बश्चश्च्द्ध) नार्थ बैरक के नाम से जाना जाता है। आरक्षित या अनारक्षित टिकट खरीदने पर उसमें कानपुर सेंट्रल के आगे स्टेशन कोड सीएनबी ही लिखकर आता है। कॉनपोर नार्थ बैरक



का मतलब था कानपुर का सैन्य ठिकाना। अंग्रेजों ने उसी नाम से स्टेशन कोड सीएनबी रख दिया। प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में कई ऐतिहासिक शहरों और स्टेशनों के नाम बदले गए। फैजाबाद का नाम आधिकारिक रूप से अयोध्या कर दिया गया। इलाहाबाद प्रयागराज बना और मुगलसराय स्टेशन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, झांसी जंक्शन का नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन कर दिया गया। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या कारण है कि देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में गिने जाने वाले कानपुर सेंट्रल का कोड आज भी सीएनबी ही है। नाम बदलने का निर्णय रेलवे बोर्ड करता है

रेलवे विशेषज्ञ कहते हैं कि यह औपनिवेशिक काल की एक निशानी है, जिसे आधुनिक बदलाव की लहर के बावजूद नहीं छुआ गया। रेलवे यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह कहते है कि कोड बदलना सिर्फ एक प्रतीकात्मक कदम नहीं होता। इससे टिकटिंग सिस्टम, मालगाड़ी रजिस्टर, आरक्षण डेटा, रूट डायग्राम, लाखों ऐतिहासिक रिकॉर्ड और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स में व्यापक बदलाव करना पड़ता है। यही वजह है कि भारतीय रेलवे कोड को बदलने से आमतौर पर बचती है। हालांकि नाम बदले जा सकते है, जिसका निर्णय रेलवे बोर्ड करता है। कानपुर रेलवे स्टेशन का इतिहास1859 में कानपुर में रेलवे लाइन बिछाई गई। उस समय क्षेत्र का नाम कॉनपोर लिखा जाता था। 1900 से 1925 के बीच यह क्षेत्र ब्रिटिश आर्मी कैंप और बैरक क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। रेलवे का महत्वपूर्ण स्थान बैरक क्षेत्र था, जिसे कॉनपोर नार्थ बैरक कहा जाता था। 1928 में नया टर्मिनल स्टेशन बनना शुरू हुआ। 1930 में रेलवे स्टेशन जनता के लिए खोला गया।

देश आजाद होने के बाद कॉनपोर स्टेशन का नाम बदलकर कानपुर कर दिया गया।

# ड्रग-आतंक के खिलाफ लड़ाई, जी-20 में पीएम मोदी ने दिए कई प्रस्ताव, कई नेताओं से भी मुलाकात

» बीपीएस न्यूज

**जोहानिसबग। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की है। इसे लेकर पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- जोहानिसबर्ग जी20 समिट के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने अलग-अलग मुद्दों पर अच्छी बातचीत की। इंडिया-फ्रांस के रिश्ते दुनिया की भलाई के लिए एक ताकत बने हुए हैं! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग से मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- जोहानिसबर्ग जी-20 समिट के दौरान रिपब्लिक ऑफ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग के साथ बहुत अच्छी मीटिंग हुई। इस साल यह हमारी दूसरी मीटिंग है, जो हमारी स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप में मजबूत रफ्तार का इशारा है। हमने अपने इकोनॉमिक और इन्वेस्टमेंट लिंकेज को और गहरा करने के लिए अपने नजरिए शेयर किए।**



पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर ब्राजील के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की है, उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- राष्ट्रपति लूला से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है। भारत और ब्राजील अपने लोगों के फायदे के लिए ट्रेड और कल्चरल रिश्तों को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के प्रधानमंत्रियों से मुलाकात की है। इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- एक नई तीन-तरफा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पार्टनरशिप! जोहानिसबर्ग में जी20 समिट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के साथ बहुत अच्छी मीटिंग हुई। हमें आज ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-इंडिया टेक्नोलॉजी और इनोवेशन (एसीआईटीआई) पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह पहल तीन महाद्वीपों और तीन महासागरों में डेमोक्रेटिक पार्टनर्स के बीच उभरती टेक्नोलॉजी में सहयोग को और गहरा करेगी, सप्लाई चेन के डायवर्सिफिकेशन, क्लीन एनर्जी और एआई को बड़े पैमाने पर अपनाने में मदद करेगी। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य की गारंटी देने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं!

इस दौरान पीएम मोदी ने यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात की है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- जी20 जोहानिसबर्ग समिट के दौरान यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी जनरल, एंटोनियो गुटेरेस के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई।

पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर से मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- जोहानिसबर्ग में प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर से मिलकर बहुत अच्छा लगा। इस साल भारत-यूके पार्टनरशिप में नई एनर्जी आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे।

पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- आज जोहानिसबर्ग में जी20 समिट की जगह पर पहुंचने पर, मैंने प्रेसिडेंट रामफोसा को गर्मजोशी से स्वागत करने और इस जरूरी समिट को ऑर्गनाइज करने के लिए धन्यवाद दिया।

वहीं जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया

## मप्र और बंगाल में एसआईआर के काम में लगे तीन बीएलओ की मौत

» बीपीएस न्यूज

दमोह/कोलकाता। मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों की मौत और लापता होने की घटनाएं सामने आई हैं। मप्र के रायसेन व दमोह ज़िलों में दो बीएलओ की बीमारी के चलते मौत हो गई, जबकि परिजनों ने अत्यधिक काम के दबाव और लक्ष्य पूरा न करने पर कार्रवाई के डर को जिम्मेदार बताया।रायसेन में एक अन्य बीएलओ नारायण दास सोनी छह दिनों से लापता हैं। उधर, पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में बीएलओ रिंकू तरफदार का शव फंदे से लटका मिला। परिवार ने एसआईआर के दबाव को आत्महत्या की वजह बताया।मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए सर्वे करने वाले दो शिक्षक-सह-बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की शुक्रवार को रायसेन और दमोह ज़िलों में बीमारी से मौत हो गई। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।हालांकि, मृत शिक्षकों के परिजनों और दोस्तों ने ज़्यादा काम और गिनती के लक्ष्य पूरा करने के दबाव को मौत का कारण बताया है। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा, अधिकारियों ने बताया कि रायसेन ज़िले में एक बीएलओ पिछले छह दिनों से लापता है, और उसे ढूंढने की कोशिश जारी है।उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात मरने वाले दो बीएलओ की पहचान रमाकांत पांडे और सीताराम गोंड (50) के रूप में हुई है। दोनों वे रायसेन और दमोह ज़िलों में पदस्थ थे।

# कांग्रेस का वोट चोरी के खिलाफ हल्लाबोल: दिसंबर के दूसरे हफ्ते दिल्ली में विशाल रैली की तैयारी

» बीपीएस न्यूज

**नयी दिल्ली। कांग्रेस दिसंबर के दूसरे हफ़्ते में दिल्ली के रामलीला मैदान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के ख़िलाफ़ एक रैली आयोजित करेगी। यह रैली वोट-चोरी के आरोपों के ख़िलाफ़ देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान के पूरा होने के बाद हो रही है, जिसके तहत पार्टी ने देश भर से पाँच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र किए थे। आज यहां उन बारह राज्यों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं, महासचिवों, प्रभारियों, सचिवों और वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई, जहाँ एसआईआर प्रक्रिया चल रही है।**



इसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल भी उपस्थित थे।

खड़गे ने बाद में कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची की अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आचरण बेहद निराशाजनक रहा है। खड़गे ने कहा, उसे तुरंत यह दिखाना होगा कि वह भाजपा के साये में काम नहीं कर रहा है और उसे भारत की जनता के प्रति अपनी संवैधानिक शपथ और निष्ठा याद है, न कि किसी सत्तारूढ़ दल के प्रति।

कांग्रेस नेता वी. हनुमंत राव ने कहा कि 65 लाख वोट चुराए गए, लेकिन चुनाव आयोग ने इसकी जाँच शुरू नहीं की है। इसी वजह से देश भर की राजनीतिक पार्टियाँ रामलीला मैदान में जनसभा करने के लिए इकट्ठा हो रही हैं।

राहुल गाँधी वहाँ देशवासियों को यह बताने जाएँगे कि हमारे देश में कितनी बेईमानी हो रही है और बाबासाहेब अंबेडकर का कितना अपमान हो रहा है, क्योंकि उनके दिए अधिकारों का पालन नहीं किया जा रहा है... लोगों को संविधान के उल्लंघन के ख़िलाफ़ एकजुट होना चाहिए... वोट चोर, गद्दी चोर पर होने वाली सभा को सफल बनाना चाहिए... इस एनडीए सरकार को अपनी आँखें खोलनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि एसआईआर एक बहाना है। परिवार को हार से बचाने के लिए चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है।

यह वही कांग्रेस है जिसने महाराष्ट्र में एसआईआर का समर्थन किया था और इसे तुरंत लागू करने की माँग की थी, फिर भी बंगाल और बिहार में यह अलग रुख अपनाती है...

फ़िलहाल, वे एसआईआर का विरोध कर रहे हैं, लेकिन बिहार में एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कोई अपील या शिकायत दर्ज नहीं की गई है... यहाँ तक कि कांग्रेस के नेता भी वोट चोरी की इस कहानी पर विश्वास नहीं करते।

## धमाके से पहले मुरादाबाद आई थी शाहीन, धार्मिक कार्यक्रम में हुई थी शामिल, एजेंसियां कर रहीं जांच

» बीपीएस न्यूज

मुरादाबाद । यूपी एटीएस ने दिल्ली बम धमाके में मुरादाबाद के तीन डॉक्टरों से पूछताछ की है। बताया जाता है कि तीनों डॉक्टर मुख्य आरोपी डॉ. मुजम्मिल, डॉ. शाहीन और डॉ. आदिल के संपर्क में थे। धमाके के बाद तीनों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए थे। उधर, एटीएस, एनआईए और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मंडल से पहले भी संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार कर चुकी है। यह संदिग्ध आतंकी खुफिया एजेंसियों से बचाने के लिए मुरादाबाद में छिपे थे। मुगलपुरा थानाक्षेत्र के बरवालान में 27 अक्तूबर 2017 को एटीएस ने सिद्धार्थ नगर के शोहरतगढ़ निवासी



आतंकी फरहान को गिरफ्तार किया था।आतंकी फरहान गोधरा कांड को अंजाम देने वाले लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य था। इससे पहले छह अगस्त 2007 को दिल्ली की स्पेशल सेल ने उसे पोटा कानून के तहत गिरफ्तार किया था। उसे सात साल की सजा हुई थी। 2009 में हाईकोर्ट से जमानत पर बाहर आने के बाद वह मुरादाबाद आकर छिप गया था।वहीं मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मिलक गुलड़िया में पांच मई 2023 को एटीएस ने संदिग्ध आतंकी अहमद रजा को गिरफ्तार किया था। वह जयपुर दीनी तालीम लेने गया था। इसके बाद वह वहीं मदरसे में पढ़ाने लगा था। इस दौरान वह आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी फिरदौस के संपर्क में आ गया। फिरदौस के जरिए वह अनंतनाग गया और वहां हथियार चलाने की ट्रेनिंग ली थी।दिल्ली बम धमाके में शामिल रहे डॉक्टरों की साथी डॉ. शाहीन के मुरादाबाद मंडल में भी एक धार्मिक कार्यक्रम में आने की चर्चा है। एजेंसियां अब इस बारे में भी जानकारी जुटा रही हैं कि यह कार्यक्रम जिसने आयोजित कराया था और उस वक्त डॉ. शाहीन कितने लोगों के संपर्क में थी।

## एसआईआर को लेकर अखिलेश ने सरकार को घेरा



» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा पर वोट काटने की साजिश रचने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि बिहार चुनाव देखने के बाद पता चलता है कि भाजपा, चुनाव आयोग से मिल कर उप्र और पश्चिम बंगाल में बड़ी तैयारी कर रही है।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन विधानसभा सीटों पर सपा और इंडी गठबंधन जीता है, वहां पर भाजपा और उसके अधिकारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के बहाने हर विधानसभा क्षेत्र में पचास हजार वोट काटने की साजिश कर रहे है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत कर मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा, एसआइआर के जरिए हर विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार वोट काटने की साजिश कर रही है, खासकर पिछड़े और मुस्लिम क्षेत्रों में। अखिलेश ने कार्यकर्ताओं से वोटर लिस्ट ठीक कराने और शिकायतों को पार्टी कार्यालय तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

# 'सदैव के लिए बंद हो गया बाबरी मस्जिद का अध्याय', इकबाल अंसारी बोले- उसकी चर्चा देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण




» बीपीएस न्यूज

अयोध्या। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि बाबरी मस्जिद का अध्याय हमेशा के लिए बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि अब इस मुद्दे पर चर्चा करना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और सभी को मिलकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। अतीत को भूलकर भविष्य की ओर देखना चाहिए।पश्चिम बंगाल के टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के उस बयान पर बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे मो. इकबाल अंसारी ने असहमति व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने आगामी छह दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू करने की घोषणा की है।

बातचीत में कहा कि देश को अब मंदिर-मस्जिद पर राजनीति की जरूरत नहीं रह गई है।इकबाल ने कहा कि नौ नवंबर 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद बाबरी मस्जिद का अध्याय सदैव के लिए बंद हो चुका है और उसकी चर्चा देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।राम मंदिर के निकट ही स्थित मोहल्ला कोटिया के निवासी इकबाल को बाबरी मस्जिद की दावेदारी पिता हाशिम अंसारी से विरासत में मिली थी।

उनके पिता 22-23 दिसंबर 1949 को गर्भगृह में रामलला की पुनर्प्रतिष्ठा के बाद से ही गर्भगृह को मस्जिद बताकर उसमें से रामलला को हटाए जाने की मांग करने लगे थे। तथापि निर्णय आने के साथ इकबाल ने भूलकर भी बाबरी मस्जिद का नाम नहीं लिया।

## लखनऊ में क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 60 लाख की ठगी, टेलीग्राम पर जालसाजों ने फंसाया

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम पर कारोबारी को फंसाकर क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 60 लाख रुपये ठग लिए। मुनाफा देख रकम वापस मांगी तो टैक्स के नाम पर रुपये ट्रांसफर कराए। मना करने पर कारोबारी को ग्रुप से बाहर निकाल दिया।

शक होने पर कारोबारी ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। विकासनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसओ आलोक सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विकासनगर सेक्टर-5 निवासी अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि पांच जून को टेलीग्राम पर जेयूजीवीजेआरजी आइडी से मैसेज आया। मैसेज में क्रिप्टो ट्रेडिंग के बारे में बताया। संपर्क करने पर जालसाज ने ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा दिया। उसके बाद उन्हें गूगल इक्यूटस 917 ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप पर कुछ अन्य आइडी पर भी उन्हें निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया।

लखनऊ में साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम के ज़रिये एक कारोबारी को क्रिप्टो ट्रेडिंग में फंसाकर 60 लाख रुपये की ठगी की। मुनाफे का लालच देकर निवेश करवाया और फिर टैक्स के नाम पर और पैसे मांगे। इनकार करने पर ग्रुप से निकाल दिया। पीड़ित ने विकासनगर थाने में मामला दर्ज कराया है, पुलिस जांच कर रही है।

# पीएम मोदी का जताया आभार,.. एनडीए को मिली सीटों से नीतीश गदगद



बिहार। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) बिहार में सत्ता बरकरार रखने के लिए तैयार है, जहां विधानसभा चुनाव दो चरणों में ङ्घ 6 नवंबर और 11 नवंबर को हुए थे। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन 200 से अधिक सीटों पर आगे चल रहा है, जबकि महागठबंधन लगभग 36 सीटों पर आगे है। इसको लेकर एनडीए उत्साहित है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसको लेकर ट्वीट किया है और जनता का आभार जताया है।नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद। उन्होंने आगे लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

नीतीश ने कहा कि एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है। इस भारी जीत के लिए एन?डी?ए? गठबंधन के सभी साथियों- चिराग पासवान, जीतन राम मांझी एवं उपेन्द्र कुशवाहा को भी धन्यवाद एवं आभार। आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। एनडीए की प्रचंड जीत पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सबसे पहले मैं बिहार की महान जनता को विशेष धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूँ, जिन्होंने बिहार को विकास के पथ पर गति देने की सोच के साथ एनडीए को प्रचंड बहुमत देने का ऐतिहासिक फैसला लिया। बिहार और बिहारियों में सही समय पर सही फैसला लेने की बुद्धि और क्षमता है। इस एक जवाब ने कई सवालों पर पूर्ण विराम लगा दिया है।

# नशीली दावाओं का कारोबार करने वाली फर्मों पर दर्ज होगी एफआईआर: औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह

» नशे के लिए कोडिन सिरप बेचने वाली मेडिसिना फर्म पर होगी रिपोर्ट

नशीला इंजेक्शन व नशीला सिरप बेचने वाली मसाइको पर दर्ज होगा केस




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। बड़े पैमाने पर कोडिन युक्त सिरप बेचने वाली मेडिसिना हेल्थ केयर के खिलाफ जल्द ही रिपोर्ट दर्ज होगी। औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह ने कलेक्टरगंज थाने में तहरीर दी है। फार्म द्वारा कोडिन युक्त सिरप, अल्प्राजोलम टैबलेट, ट्रामाडोल टेबलेट आदि दवाएं बड़े पैमाने पर बेची गई है।

इसके बावजूद किसी का भी वेरिफिकेशन नहीं कराया गया। इससे पहले अग्रवाल ब्रदर्स पर रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। शिवम अग्रवाल और अनमोल गुप्ता की कोपरगंज स्थिति मेडिसिना हेल्थ केयर ने बड़े पैमाने पर कोडिंन युक्त सिरप व नशीली दवा अल्प्राजोलम, ट्रामाडोल आदि दवाई बची है। यूपी सहित अन्य राज्यों में क्रय और विक्रय करने के बावजूद 7 बिलों का सत्यापन नहीं कराया गया। इन बिलों से कोडिंन युक्त कफ सिरप को यूपी के बाहर भी भेजा गया है। इससे पहले शिवम अग्रवाल के पिता विनोद अग्रवाल की कंपनी अग्रवाल ब्रदर्स के खिलाफ भी मुकदमा हो चुका है।

वही करोड़ों रुपए के नशीले इंजेक्शन बेचने वाली मसाइको एजेंसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होगी। औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह ने कलेक्टर गंज थाने में तहरीर दे दी है। दिखाने के लिए दुकान को बंद करके साकेत नगर गोदाम से नशीली दावाओं का कारोबार किया जा रहा था। दुकान का ड्रग लाइसेंस पहले ही निरस्त किया जा चुका है। कोपरगंज में फर्म मसाईको एजेंसी थोक का दवा कारोबार करती थी। कंपनी का गोदाम साकेत नगर में है। दिसंबर 2024 में कंपनी ने बड़े पैमाने पर कोडिंन युक्त सिरप खरीद कर बेचा थ मसाइको एजेंसी ने बिक्री के बावजूद 28 बिल वाउचरों का सत्यापन नहीं कराया, बिक्री की जानकारी तब नहीं दी। इससे इन पर शक और गहरा गया। की गई खरीद की जानकारी बिक्री करने वाली फार्मो ने दी थी। औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह ने कोडिंन युक्त सिरप, अल्प्राजोलम टैबलेट, ट्रामाडोल टैबलेट, नशीला इंजेक्शन जैसे नशे का कारोबार करने वाली मेडिसिना और मसाइको दोनों ही फर्मो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही।

# समाजवादी युवजन सभा द्वारा हनुमान मंदिर पर जरूरतमंदों को किया गया कम्बल वितरण

» बीपीएस न्यूज






कानपुर। सपा संस्थापक स्व.मुलायम सिंह यादव की जयंती पर समाजवादी युवजन सभा अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी ने अपने साथियों के साथ किदवई नगर हनुमान मंदिर पर जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया। अर्पित त्रिवेदी ने बताया कि नेताजी हमारे बीच मे बीच मे नही हैं लेकिन उनके विचार आज भी हम सबके दिल में समाहित हैं। हम लोग जब भी नेताजी से मिले उन्होंने हमेशा यही कहा कि जाओ और जाकर जरूरतमंदों की मदद करो, भूखे को भोजन करा दो,किसी गरीब परिवार की शिक्षा करा दो, किसी गरीब बहन की शादी में मदद करो, नौजवान को नौकरी दिलाने में मदद करो। एक अच्छा नेता बनना है तो सबसे पहले गरीबों की मदद करो और सबको यही सिखाओ। आज हम सब उनके बताए रास्ते पर चलकर जनहित में काम करने को प्रतिबद्ध हैं।कम्बल वितरण में प्रमुख रूप से अनुराग पांडेय, संदीप पांडेय, रोहित राजपूत, हिमांशु तिवारी, विनोद यादव, अभय मिश्रा, केशव यादव, गौतम निगम, आलेख सिंह, दिव्यांश शर्मा, शनि सागर, संजय यादव, ईशू यादव, निकेश चौधरी आदि रहे।

# तीन दिनों में 50 से अधिक अपराधियों का किया गया सत्यापन,.. अपराधियों पर की जा रही सख्त कार्रवाई : श्रवण कुमार सिंह

» 1,00,000 की ली थी फिरौती, गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट के सेंट्रल ज़ोन में पिछले तीन दिनों में 50 से अधिक अपराधियों का सत्यापन किया गया है। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल श्रवण कुमार सिंह ने मीडिया को बताया कि जिन अपराधियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, उन्हें थानों पर बुलाकर जांच एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में इरफ़ान नामक अपराधी को भी सत्यापित किया गया, जिसने 1,00,000 की फिरौती ली थी और 5,00,000 की मांग की थी। इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जिस स्थान से उसने कॉल कर फिरौती मांगी थी, वहाँ भी जांच की गई। पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार सेंट्रल ज़ोन में अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी व सत्यापन हेतु टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और उनकी हर गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर निबंध प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत का आयोजन


» बीपीएस न्यूज



कानपुर। एस एन सेन बा वि पी जी कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 की जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन तंत्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा, सचिव प्रोवीर कुमार सेन, संयुक्त सचिव शुभ्रो सेन, प्राचार्या प्रो सुमन, समाजशास्त्र वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो रेखा चौबे, हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ शुभा वाजपेई, डा रेशमा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्या प्रो सुमन ने अपने आर्शिवचन से छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के संदर्भ से छात्राओं को अवगत कराया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-अंशिका दीप, द्वितीय स्थान- मुस्कान राठौर, तृतीय स्थान-स्वाति वर्मा रही। मीडिया प्रभारी डॉ प्रीति सिंह ने बताया निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो प्रीति पान्डेय व कला विभागाध्यक्षा डा रचना निगम ने निभाई।इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षक प्रो हरीश झा, शिक्षिकाएं प्रो गार्गी यादव, प्रो निशा वर्मा, प्रो मीनाक्षी व्यास, प्रो चित्रा सिंह तोमर, डा रिचा सिंह, डा रोली मिश्रा, डा रश्मि गुप्ता, डा कोमल सरोज, डा समीक्षा सिंह, एन सी सी प्रभारी डा प्रीति यादव इत्यादि उपस्थित रही। साथ ही महाविद्यालय के द्वितीय व तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों ने सकृय भूमिका निभाई।

# 3 गलतियों की वजह से खराब हो सकती है किडनी,.. न करें नजरअंदाज,.. पड़ सकता है बाद में पछताना



किडनी हमारे शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। यह खून को साफ करने, शरीर से जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने और पानी और नमक का संतुलन बनाए रखने का काम करती है।

लेकिन, हमारी कुछ छोटी-छोटी गलतियां अनजाने में ही हमारी किडनी को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाती रहती हैं, जिससे भविष्य में किडनी फेलियर जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि आपकी वह कौन सी 3 गलतियां है, जिसे आपको सुधारने की जरूरत है।

सिरदर्द हो या शरीर में हल्का दर्द, बहुत से लोग डॉक्टर की सलाह लिए बिना ही दर्द निवारक दवाओं का सेवन कर लेते हैं। ये दवाएं भले ही आपको तुरंत राहत दे दें, लेकिन इनका लंबे समय तक उपयोग करना आपकी किडनी के लिए जहर जैसा हो सकता है। ये दवाएं किडनी में खून के प्रवाह को कम कर देती हैं, जिससे किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**पानी कम पीना और यूरीन को देर तक रोकना**

भागदौड़ भरी जिंदगी में कई लोग पानी कम पीते हैं, जो किडनी को खराब करने वाली सबसे आम गलतियों में से एक है। पानी कम पीने से शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं, जिन्हें फिल्टर करने के लिए किडनी को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इसी तरह यूरीन को देर तक रोकना भी किडनी के लिए हानिकारक है। ऐसा करने से ब्लैडर में बैक्टीरिया पनप सकते हैं, जिससे इंफेक्शन हो सकता है।

**ज्यादा नमक और चीनी खाना**

स्वाद बढ़ाने के लिए हम अक्सर खाने में ज्यादा नमक का इस्तेमाल करते हैं। शरीर को नमक की जरूरत होती है, लेकिन इसकी अधिक मात्रा ब्लड प्रेशर बढ़ाती है, जिसका सीधा असर किडनी पर पड़ता है। हाई ब्लड प्रेशर किडनी को नुकसान पहुंचाने वाला एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा, अधिक चीनी का सेवन भी किडनी के लिए घातक है, क्योंकि यह डायबिटीज के खतरे को बढ़ाती है, जो किडनी की बीमारी का एक और मुख्य कारण है। इसलिए, आप ज्यादा मात्रा में चीनी या नमक खाने से बचें।

# कॉकरोच कॉफी' सुनकर शायद आपको आ जाये उल्टी



दुनियाभर में खानपान की ऐसी अजीबोगरीब वैरायटी आपको देखने के लिए मिल जाएंगी, जो आपका मूड खराब कर देंगी। चीन ने तो इस मामले में हद मचा रखी है। तरह-तरह के कीड़े मकोड़े और चमकादड़ के बाद अब चीन में 'कॉकरोच कॉफी' भी आ गई है जिसकी इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा हो रही है।

'कॉकरोच कॉफी' चीन की राजधानी बीजिंग के एक म्यूजियम में बिक रही है जिसने जमकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। सामने आई जानकारी की माने तो, बीजिंग में एक कीट संग्रहालय है जहां की एक कॉफी शॉप में 'क्रॉली-क्रॉली' कॉफी धड़ल्ले से बिक रही है।इस अनोखी कॉफी को 'कॉकरोच कॉफी' के नाम से जाना जाता है। दरअसल, इसमें कॉफी के ऊपर पिसे हुए कॉकरोच का पाउडर छिड़का जाता है। और सिर्फ कॉकरोच का पाउडर ही नहीं, इस अजीबोगरीब कॉफी में सूखे पीले मीलवॉर्म्स (एक तरह के कीड़े) भी डाले जाते हैं। इसके बारे में जानकर लोगों के होश उड़ गए हैं और वो सोशल मीडिया के जरिए बड़े चौंकाने वाले रिएक्शन दे रहे हैं। जिन-जिन लोगों ने ये अनोखी 'कॉकरोच कॉफी' पी है, उन्होंने बताया कि इस ड्रिंक में जला हुआ और हल्का खट्टा स्वाद आता है। हैरानी वाली बात ये है कि ये 'कॉकरोच कॉफी' बीजिंग के म्यूजियम में सेल पर बिक रही है। इसकी एक कप की कीमत 45 युआन यानि 561.72 भारतीय रुपये है।

अब मीडिया रिपोर्ट में म्यूजियम के एक कर्मचारी ने कहा कि उन्होंने जून के अंत में ये 'कॉकरोच कॉफी' लॉन्च की थी लेकिन सोशल मीडिया पर इसने अब ट्रेंड करना शुरू कर दिया है। उसने ये भी कहा कि चूंकि ये एक कीट संग्रहालय है तो ऐसे ड्रिंक लॉन्च करना बनता है।



# विकास भवन में किसान दिवस का किया गया आयोजन, किसानों ने कृषि सम्बन्धी समस्याएँ एवं अनुभव किए साझा

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। माह नवम्बर, 2025 के किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों ने प्रतिभाग किया और अपनी कृषि सम्बन्धी समस्याएँ एवं अनुभव साझा किए। कृषकों द्वारा प्रस्तुत अनेक शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

किसान दिवस के दौरान कृषकों ने खेत तालाब योजना, फूलों की खेती, पराली प्रबन्धन, प्राकृतिक खेती, दलहनी फसलों की प्रोसेसिंग तथा जंगली जानवरों से फसल संरक्षण जैसे विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा सभी कृषकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं उपलब्ध योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गई। चकरोड के पुनर्निर्माण, मिलेट्स उत्पादों की प्रोसेसिंग प्रशिक्षण तथा खेत तालाब योजना से जुड़े बिन्दुओं पर भी सकारात्मक आश्वासन और समाधान प्रस्तुत किए गए।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने पराली प्रबन्धन तथा संतुलित उर्वरक उपयोग पर विस्तृत चर्चा करते हुए व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कृषकों को मखाना खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को इसके प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

किसान दिवस कार्यक्रम के उपरान्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का भुगतान प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा जनपद के 2,13,847 कृषकों के खातों में 42.76 करोड़ रुपये की धनराशि डिजिटल माध्यम से हस्तान्तरित की गई।

# सांसद-विधायक खेल स्पर्धाः आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र में तीसरे चरण का किया गया भव्य शुभारंभ

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। युवा कल्याण विभाग द्वारा आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र में सांसद-विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 18 से 20 नवम्बर, 2025 तक ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में किया जा रहा है। स्पर्धा के तृतीय चरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल दीक्षित, सांसद खेल महोत्सव के जिला संयोजक अभिनव दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, अपर जिला अधिकारी (नगर) डॉ. राकेश कुमार, डीन प्रशासनिक, सीएसजेएम यूनिवर्सिटी नीरज कुमार सिंह तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी आरती जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अनिल दीक्षित द्वारा खिलाड़ियों को आशीष वचनों से प्रोत्साहित किया गया।

आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लंबी कूद सीनियर बालक वर्ग में रवि तिवारी प्रथम, हर्षित यादव द्वितीय तथा आर्यन गुप्ता तृतीय रहे। सब-जूनियर बालक लंबी कूद वर्ग में वैभव अग्निहोत्री ने प्रथम एवं सजल साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका लंबी कूद वर्ग में तृप्ति वर्मा प्रथम और गौरी वर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं।

कबड्डी बालक वर्ग में सेंट थॉमस की टीम ने प्रथम और मोतीलाल खेड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। को-को सब-जूनियर बालक वर्ग में बीएनएसडी प्रथम तथा आरडीएस द्वितीय रहे। रस्साकशी जूनियर तथा सीनियर बालिका वर्ग में ग्रीन पार्क की टीम विजयी रही, जबकि जूनियर बालक रस्साकशी वर्ग में भी ग्रीन पार्क की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

200 मीटर जूनियर बालिका दौड़ में आर्थिक कश्यप प्रथम, आराध्या मिश्रा द्वितीय और अर्पिता सिंह तृतीय रहीं। 200 मीटर सब-जूनियर बालिका वर्ग में वैभवी अग्निहोत्री प्रथम, सजल साहू द्वितीय तथा अर्चिता सिंह तृतीय रहीं। जूनियर बालिका को-को वर्ग में खुशी निषाद की टीम विजेता रही।

100 मीटर जूनियर बालक दौड़ में अवनीश अवस्थी प्रथम, जतिन सोनकर द्वितीय और आरुष तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर सब-जूनियर बालक वर्ग में अनुज यादव प्रथम, मोहम्मद यूसुफ रहमान द्वितीय तथा विराट स्वास्थ्य तृतीय रहे। 800 मीटर जूनियर बालक दौड़ में सौरभ वर्मा ने प्रथम, शानपंथ ने द्वितीय और ओजस्य गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भारोत्तोलन में सीनियर बालिका वर्ग से रीति कनौजिया प्रथम रहीं। सीनियर बालक भारोत्तोलन वर्ग में सर्वज्ञ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सब-जूनियर बालक भारोत्तोलन वर्ग में यथार्थ नागवंशी प्रथम स्थान पर रहे।

400 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में पावनी अवस्थी ने प्रथम, आरती कश्यप ने द्वितीय और खुशी निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अमित कुमार प्रथम, इमरान खान द्वितीय तथा नीरज गुप्ता तृतीय रहे। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में आराध्या मिश्रा प्रथम, हर्षिता द्वितीय और अंजलि वाजपेई तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में रवि तिवारी प्रथम, पीयूष कुमार द्वितीय तथा लाभ सोनकर तृतीय रहे। 1500 मीटर सीनियर बालक दौड़ में सौरभ निषाद प्रथम, हिमांशु द्वितीय तथा अनंत तृतीय स्थान पर रहे। रस्साकशी सीनियर बालक वर्ग में गोपाल बाबू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक जूनियर बालक वर्ग में हर्षित प्रथम, रौनक द्वितीय एवं अभिषेक तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में अनुष्का ताम्रकार प्रथम एवं मंशा फातिमा द्वितीय रहीं। वॉलीबॉल सब-जूनियर बालक वर्ग में बीएनएसडी की टीम प्रथम तथा ग्रीन पार्क की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता में लगभग 950 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विजयी खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर जिला अध्यक्ष भाजपा, सांसद खेल महोत्सव के जिला संयोजक एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप मेडल एवं ट्रॉफी भी प्रदान की गईं।

प्रतियोगिता के अंतिम दिवस 20 नवम्बर, 2025 को फुटबॉल एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा। सांसद-विधायक खेल स्पर्धा का चतुर्थ चरण 22 से 24 नवम्बर, 2025 तक बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित है। सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे सांसद पोर्टल तथा युवा साथी पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य पूर्ण करें।

# एसआई गायत्री ने कैरियर मेले का शुभारम्भ फीता काटकर किया



» बीपीएस न्यूज/विवेक जैन

बागपत, उत्तर प्रदेश। जनपद बागपत के बसौद गांव के राजकीय हाई स्कूल बसौद में कैरियर मेले का भव्य आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को भविष्य के लिए कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने सभी से लक्ष्य बनाकर अपनी पढ़ाई-लिखाई करने की बात कही। मेले का शुभारम्भ सिंघावली अहीर थाने की एसआई गायत्री ने फीता काटकर व माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीपक प्रज्वलित कर किया। एसआई गायत्री ने विद्यार्थियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को कैरियर से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर डॉ सत्यवीर सिंह (प्रभारी कैरियर गाइडेंस जिला स्तर), नीतू कुमरा (प्रभारी कैरियर गाइडेंस जिला स्तर), गोपाल सिंह (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) आदि अतिथियों ने कैरियर मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और उनसे सवाल-जवाब पूछे और विद्यार्थियों को उनके कैरियर के बारे में जागरूक करते हुए आवश्यक जानकारी दी। स्कूल के अध्यापकों ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व गुलाब के फूल देकर अभिनंदन किया। कैरियर मेले को सफल बनाने में अंतरिक्ष कुमार, आभा राज सिंह, बिंदिया ब्रिज, प्रिया रानी, नरेश कुमार भारद्वाज, मनोज कुमार, कालूराम, सुप्रसिद्ध समाजसेवी मास्टर सत्तार अहमद व आदिल हुसैन आदि सभी का सहयोग रहा। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, जयवीर सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# मुस्लिम महिला हिंदू बनकर मुस्लिम पुरुष को हनी ट्रैप में फसाया, की पचास हजार की अवैध वसूली

» महिला के खिलाफ पीड़ित परिवार ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर एफ आई आर दर्ज करने की उठाई मांग



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। तीन दिन पहले काकादेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतुल कश्यप नाम के बैंक कर्मी को हनी ट्रैप में फसाकर महिला की अवैध वसूली से तंग होकर फांसी लगा करके जान दे दी थी इन दिनों महिला सशक्तिकरण के लिए बने कानून का दुरुपयोग कर अवैध वसूली करने पर कुछ महिलाएं उतारू है इसी तरह का एक मामला प्रकाश में आया है चकेरी थाना क्षेत्र के रहने वाले मुन्नी बानो ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर काजल नाम की महिला के खिलाफ पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरा बेटा आकिब मीट की दुकान चलाता हैं।

मीट की दुकान पर काजल नाम की महिला मीट लेने आया करती थी इसी दरमियान महिला ने मेरे बेटे का फोन नंबर ले लिया और वीडियो कॉलिंग कर उसको अपनी अश्लील वीडियो दिखाने लगी जिससे आकर्षित होकर वीडियो देखने लगा इसी बात को आधार बना करके महिला के द्वारा अपनी बहन नाजिया खातून के अकाउंट में लगभग पचास हजार रुपए की अवैध वसूली की गई महिला द्वारा उन्नाव महिला थाना और जाजमऊ पुलिस चौकी में शिकायती पत्र देकर यह बताया जा रहा है कि वह महिला हिंदू है जबकि वह महिला मुसलमान है और उसके दो बच्चे भी हैं महीला द्वारा अवैध वसूली के सबूत ऑनलाइन बैंकिंग ट्रांजैक्शन के तौर पर है।

पीड़िता ने बताया कि उक्त महिला इससे पहले दो बार शादी कर चुकी है और दो बच्चे भी हैं और अब मेरे बेटे से जबरन शादी करने का दबाव बना रही है मना करने पर महिला द्वारा परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है और फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की कोशिश की जा रही है पीड़िता ने बताया कि पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ वीके साहू ने कहा- समाज के लोगों को एकजुट होकर राजनीति में आगे आना चाहिए





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की बैठक राष्ट्रीया इंटर कालेज किदवई नगर में की गयी। बैठक में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा कानपुर के उत्तर दक्षिण एवं ग्रामीण जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। उत्तर जिला अध्यक्ष स्वास्तिक कृष्णन साहू, दक्षिण जिला अध्यक्ष सुभाष साहू, ग्रामीण ज़िलाध्यक्ष शिवकुमार साहू, तीनों जिलों के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। संगठन के विधिक सलाहकार अमित साहू ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूती देने एवं समाज को आगे बढ़ाने की शपथ दिलाई।

प्रदेश महामंत्री डॉ वीके साहू ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और आवाहन किया कि कानपुर नगर के प्रत्येक वार्ड में कम से कम 10 युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। जिससे संगठन और मजबूती के साथ समाज की सेवा कर सके। अपने संबोधन में यह भी कहा कि सभी मजबूत लोगो को एकजुट होकर राजनीति में आगे बढ़कर आना चाहिए ।मुख्य अतिथि के.के. साहू, ट्रस्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि इंद्र जीत साहू ने भी अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रिया इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम पाल साहू ने की। युवा दक्षिण जिलाध्यक्ष पूर्व छ्रङ्क अध्यक्ष आशीष साहू, उत्तर युवा जिला अध्यक्ष पार्षद विकास साहू सहित पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष- आशीष साहू, आलोक साहू, ओम प्रकाश साहू, आलोक साहू, वीरेंद्र साहू, महामंत्री-मुकेश साहू, धीरज साहू , छ्रह्ष के पूर्व छात्र नेता अध्यक्ष संगम साहू, मंत्री- अर्पित राठौर, शुभम साहू, कोषाध्यक्ष ङ्क राम खिलावन

मीडिया प्रभारी-मन्नू साहू, सचिन साहू, बीपीएस न्यूज़ (संपादक) बी.पी. साहू आदि उपस्थिति रहे।

# जमीन विवाद में प्रशासन की पहल रंग लाई, आपसी सहमति से रास्ता तय

» जनता दर्शन में आया था प्रकरण, डीएम के निर्देश पर एसडीएम घाटमपुर ने कराया समाधान

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जनता दर्शन में मिले जमीन विवाद के प्रकरण में जिला प्रशासन की त्वरित पहल से समाधान निकल आया। ग्राम हिरनी, घाटमपुर की कविता पत्नी सतीश कुमार ने जिलाधिकारी को शुक्रवार को जनता दर्शन में बताया कि उन्होंने मेहनत से एक बिस्वा जमीन खरीदा था, जिस पर मकान निर्माण शुरू किया गया। लेकिन कुछ लोगों ने निर्माण रुकवा दिया, जिससे उनके लगभग डेढ़ लाख रुपये बर्बाद होने की स्थिति बन गई थी ।जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी घाटमपुर को तत्काल राजस्व टीम बनाकर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए।

नायब तहसीलदार खास की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल द्वारा की गई जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि विवाद 1992 के चकबन्दी आदेश के एक चकमार्ग से जुड़ा था, जिसे उस समय नक्शे पर ट्रेस नहीं किया गया था। कविता देवी द्वारा खरीदा गया अंश अभिलेखीय रूप से पूर्णतया साफ पाया गया। दूसरी ओर विपक्षी पक्ष अपने खेत तक पहुँचने के लिए पुराने चकमार्ग की वैध मांग कर रहा था ।स्थिति की जटिलता को देखते हुए उपजिलाधिकारी घाटमपुर ने उसी शाम सभी पक्षों को कार्यालय में बुलाकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही विक्रेता अपने शेष खेत से दो मीटर चौड़ा मार्ग उपलब्ध कराएगा, जो दारा सिंह की भूमि तक पहुँचेगा। दारा सिंह के खेत में भी चकमार्ग का पुराना अंश कटा पाया गया था, इसलिए मार्ग वहाँ से एल आकार में मुड़कर अपने निर्धारित अंतिम बिंदु तक पहुँचेगा ।तय सहमतिनामा को सीओ चकबन्दी को भेज दिया गया, ताकि आदेश और अमल में किसी प्रकार की बाधा न रहे।

समाधान के बाद कविता देवी का निर्माण कार्य पुनः शुरू हो गया और उनकी मेहनत की बचत सुरक्षित हो गई ।उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने कहा, जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे प्रकरण को संवेदनशीलता से समझा गया। दोनों पक्ष अपनी-अपनी परिस्थितियों में कठिनाई झेल रहे थे। जनता हित और विधिक प्रावधानों में संतुलन बनाकर आपसी सहमति से समाधान कराया गया।

# मदर टेरेसा हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की वार्षिक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। मदर टेरेसा हॉयर सेकेण्डरी स्कूल केशव नगर के द्वारा वार्षिक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ रतनलाल शर्मा स्टेडियम में आयोजित हुई। बच्चों ने मनमोहक नृत्य, खेल स्पर्धा एवं क्वायर की प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त एसएम कासिम आबिदी ने शुभारंभ मशाल प्रज्वलित कर किया । प्रबन्धक इमैनुएल सिंह ने मुख्य अतिथि समेत आए सभी अतिथियों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एस एम कासिम आबिदी ने अपने संबोधन के द्वारा बच्चों के प्रयासो एवं कड़ी मेहनत की उपयोगिता के विषय में बताते हुए उत्साहवर्धन किया भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं सैमुएल सिंह का स्वागत प्रधानाचार्या रेनू सिंह ने प्रतीक चिन्ह देकर किया ।कोऑर्डिनेटर फांसिस जोसेफ ने प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रार्थना के द्वारा किया एवं क्वायर के द्वारा प्रार्थना गीत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का आरंभ क्वायर के द्वारा वी वेल्कम यू एवं बालिकाओं द्वारा भरतनाट्यम नृत्य द्वारा हुआ विद्यालय की बालिका एन सी सी कैंडिडो के द्वारा परेड का भव्य आयोजन हुआ, परेड में विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कराने वाले खिलाडियों ने मार्च पास्ट किया। मुख्य आकर्षण का केन्द्र रंगबिरंगे परिधानों में सजे पीजी के बच्चों का जोकर पी टी रिबन पी टी रही। बालिकाओ द्वारा मार्शल आर्ट पिरामिड साड़ी पी टी जानवरों का व्यायाम, तथा चार्ली चेपलिन पी टी प्रस्तुत किए गए। अंत में खिलाड़ियों को मैडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्वायर का संचालन अभिषेक ब्लैंचफील्ड एवं अनाउंसमेंट सुहानी सिंह द्वारा जगजीत सिंह के निर्देशन में किया गया ।मुख्य रूप से डेनियल सिंह रितु सिंह अवनीश त्रिपाठी डा विजय द्विवेदी भानुप्रताप रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया।

# मीट मसाले, मुर्गे की टांगों का विज्ञापन, गंगा माता का कर रही अपमान, जिसे तत्काल हटाया जाए



कानपुर। गंगा पुल पर यह मीट का विज्ञापन लगा है यहीं पर तमाम मंदिर हैं और यहीं पर लोग पूजा अर्चना आदि करते हैं तथा लोग अंतिम संस्कार भी करते हैं और यह मुर्गे के मीट मसाले की टांगों का विज्ञापन यह गंगा माता का अपमान कर रही है तथा लोगों की भावनाओं को आहत कर रही हैं ।जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर से कर्मचारी संघ कानपुर के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम यह मांग करते हैं कि मिट मसाले मुर्गे की टांगों का विज्ञापन गंगा के पुल पर लगा है तत्काल हटाया जाए।

# डीएम की वजह से तीन साल की दौड़ का अंत जनता दर्शन में एक घंटे में मिला समाधान



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। तीन साल से अपनी ही जमीन के मानचित्र के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे सकरापुर निवासी मनोज कुमार निगम को आखिरकार राहत तब मिली जब उन्होंने शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के जनता दर्शन में अपनी समस्या रखी। मनोज कुमार निगम दिन के पहले फरियादी थे और सुबह लगभग 9:30 बजे ही पहुँच गए थे, तीन वर्षों की थकान और मन में अंतिम उम्मीद लेकर। जिस मानचित्र के लिए वे लगातार भटक रहे थे, वह दस्तावेज जिलाधिकारी के निर्देश पर मात्र एक घंटे के भीतर उपलब्ध करा दिया गया। लंबित चारबन्दी मुकदमे में अटकी उनकी पैरवी इसी मानचित्र पर निर्भर थी।

सकरापुर निवासी मनोज कुमार निगम गाटा संख्या 33, 46 और 117 की अपनी भूमि पर पिछले तीन वर्षों से अतिक्रमण के दबाव से जूझ रहे थे। चारों ओर हो रही प्लॉटिंग लगातार सीमा विवाद पैदा कर रही थी। उन्होंने 13 मई 2022 को उपजिलाधिकारी न्यायालय में धारा 24 चारबन्दी का वाद दायर किया था, लेकिन मुकदमे की प्रगति सत्यापित मानचित्र के अभाव में पूरी तरह ठप पड़ी थी। रिकॉर्ड रूम, लेखपाल, कानूनगो, तहसील कार्यालय और कानपुर विकास प्राधिकरण तक उन्होंने दर्जनों चक्कर लगाए। आवेदन दिए, जवाब का इंतजार किया, पर नतीजा शून्य रहा। तीन वर्षों की दौड़ के बाद भी न दस्तावेज मिला और न ही वाद आगे बढ़ सका।

जिलाधिकारी से मुलाकात में उन्होंने बताया कि मानचित्र न मिलने के कारण न तो सही पैरवी संभव हो पा रही है और न ही भूमि विवाद का समाधान दिख रहा है। प्रकरण सुनकर जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही माना और तत्काल मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दलजीत को शिकायतकर्ता के साथ रिकॉर्ड रूम भेजा, यह निर्देश देते हुए कि दस्तावेज उसी समय उपलब्ध कराया जाए। मात्र एक घंटे में खोजकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। इतने वर्षों से अटका प्रकरण उसी दिन आगे बढ़ने की स्थिति में आ गया।दस्तावेज मिलने के बाद मनोज कुमार निगम ने गहरी राहत महसूस की। जनता दर्शन से बाहर निकलते समय उन्होंने कहा कि तीन वर्षों की पीड़ा का समाधान एक घंटे में हो गया। उनकी आवाज में वास्तविक कृतज्ञता और लंबे संघर्ष के समाप्त होने का संतोष साफ झलक रहा था।

**कलेक्ट्रेट में लगेगा बड़ा डिस्प्ले बोर्ड, जनता को मिलेगी स्पष्ट जानकारी**

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अपर जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों में पटल प्रभारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें, जिससे प्रकरणों का निस्तारण उसी स्तर पर और निर्धारित समय सीमा के भीतर हो सके।

आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड पर प्रत्येक शाखा में होने वाले कार्यों की स्पष्ट सूची प्रदर्शित की जाएगी, जिससे आने वालों को यह समझने में कोई भ्रम न रहे कि उनका कार्य किस कक्ष या पटल पर होता है। इस व्यवस्था से नागरिकों को अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और कार्यालयों में सुगमता तथा पारदर्शिता दोनों बढ़ेगी।



**पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निर्देश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान, 243 वाहनों का किया गया चालान**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निर्देशन में दक्षिण जोन जनपद के समस्त थाना / चौकी पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियानमें सभी थानों द्वारा लगभग 1100 वाहनों को चेक किया गया। जिसमें 91 दो पहिया वाहनों में 03 सवारी, बिना नंबर प्लेट 50 वाहन पाए गए व कई वाहनों द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं किया गया था। पुलिस बल द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 243 वाहनों का चालान किया गया व 32 वाहनों पर सीज की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया गया।

# सजेती क्षेत्र के अनूपुर मोड़ पर चला संयुक्त प्रवर्तन अभियान 50 वाहनों के चालान के साथ 10 डंपर किए गए सीज

**पुलिस फोर्स और परिवहन विभाग की टीम ने की भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई**

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जिलाधिकारी के निर्देश के तहत रात्रि घाटमपुर तहसील और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने थाना सजेती क्षेत्र के अनूपुर मोड़ पर बड़े स्तर पर प्रवर्तन अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह, एसीपी घाटमपुर कृष्णकांत और परिवहन विभाग से एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा के नेतृत्व में तीन थानों की पुलिस फोर्स और परिवहन विभाग की टीम ने भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की।अभियान के दौरान 10 भारी वाहन/डंपर सीज किए गए, जबकि 50 डंपरों का चालान किया गया। टीम ने जिन अनियमितताओं पर कार्रवाई की, उनमें शामिल रहीं– बिना नंबर प्लेट के वाहन, नंबर प्लेट छिपाकर चलाना, ओवरलोडिंग, टैक्स जमा न करना, बिना तिरपाल मिनरल्स का परिवहन और प्रदूषण प्रमाणपत्र न प्रस्तुत करना।

अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा और अनुशासित परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाना बताया गया। अधिकारियों के अनुसार, बिना नंबर प्लेट या धुंधले/ढके हुए नंबर प्लेट वाले वाहन दुर्घटना के बाद पहचान से बच जाते थे, जिससे 'हिट एंड रन' की घटनाएं बढ़ रही थीं। ओवरलोडिंग से सड़कें भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही थीं और दुर्घटना का जोखिम बढ़ रहा था। इस अभियान से ऐसे वाहनों पर प्रभावी रोक लगेगी।

उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा और अनुशासित परिवहन प्रणाली बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे सड़क पर अनुशासन बढ़ेगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा ने बताया कि सड़क मार्ग पर चल रहे वाहनों की अनियमितताओं को रोकना और लोगों को सुरक्षित व सुगम यातायात उपलब्ध कराना ही इस प्रवर्तन का उद्देश्य है। वाहन चालकों से अपेक्षा है कि वे परिवहन नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग करें।

# इजराइल में रोजगार का सुनहरा मौका, 19 नवम्बर से शुरू होगी प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत इजराइल में 2600 कुशल निर्माण श्रमिकों की सीधी भर्ती की प्रक्रिया तेज हो गई है। सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं एनएसडीसी इंटरनेशनल की संयुक्त पहल पर प्लास्टरिंग, सेरेमिक टाइल्स, ड्राईवॉल (जिप्सम वर्क) और मेसन के लिए यह सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय भर्ती चलाई जा रही है। रोजगार संगम पोर्टल पर 28 अक्टूबर से 06 नवम्बर 2025 के बीच भारी संख्या में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। इन्हीं में से उत्तर प्रदेश के करीब 1000 श्रमिकों का चयन इजराइल में रेनोवेशन कंस्ट्रक्शन कार्यों के लिए किया जाएगा। प्री-स्क्रीनिंग और प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव का आयोजन 19 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2025 तक यदुपति सिंघानिया वोकेशनल एजुकेशन फाउंडेशन कैंपस, कमला नगर, कानपुर में होगा। एनएसडीसी और कंस्ट्रक्शन स्किल डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया की देखरेख में होने वाले इस आयोजन में 10,000 से अधिक अभ्यर्थियों के आने का अनुमान है। 19 नवम्बर से शुरू होते ही अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी, जिसके बाद प्री-स्क्रीनिंग और फिर (इजराइल चयन समिति) की ओर से फाइनल स्किल टेस्ट लिया जाएगा। फाइनल टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को एनएसडीसी के माध्यम से ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे।वीज़ा, पुलिस वेरिफिकेशन और मेडिकल फॉर्मेलिटी पूरी होने के बाद चयनित श्रमिकों को इजराइल भेजने की जिम्मेदारी भी एनएसडीसी ही निभाएगा। प्रशासनिक स्तर पर यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह प्रक्रिया प्रदेश के कुशल श्रमिकों को वैश्विक स्तर पर बड़ी पहचान दिलाएगी।टेस्ट ड्राइव में शामिल होने के लिए कड़े निर्देश जारी, प्रवेश से पहले ही होगी स्क्रीनिंगटेस्ट ड्राइव के दौरान भीड़ नियंत्रण और निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन और सेवायोजन विभाग ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# विकास भवन में किसान दिवस का किया गया आयोजन

**» किसानो ने कृषि सम्बन्धी समस्याएँ एवं अनुभव किए साझा**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। माह नवम्बर, 2025 के किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों ने प्रतिभाग किया और अपनी कृषि सम्बन्धी समस्याएँ एवं अनुभव साझा किए। कृषकों द्वारा प्रस्तुत अनेक शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।किसान दिवस के दौरान कृषकों ने खेत तालाब योजना, फूलों की खेती, पराली प्रबन्धन, प्राकृतिक खेती, दलहनी फसलों की प्रोसेसिंग तथा जंगली जानवरों से फसल संरक्षण जैसे विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा सभी कृषकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं उपलब्ध योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गई। चकरोड के पुनर्निर्माण, मिलेट्स उत्पादों की प्रोसेसिंग प्रशिक्षण तथा खेत तालाब योजना से जुड़े बिन्दुओं पर भी सकारात्मक आश्वासन और समाधान प्रस्तुत किए गए।मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने पराली प्रबन्धन तथा संतुलित उर्वरक उपयोग पर विस्तृत चर्चा करते हुए व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कृषकों को मखाना खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को इसके प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।किसान दिवस कार्यक्रम के उपरान्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का भुगतान प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा जनपद के 2,13,847 कृषकों के खातों में 42.76 करोड़ रुपये की धनराशि डिजिटल माध्यम से हस्तान्तरित की गई।















बीपीएस न्यूज (साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।